RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-240 जयपुर, गुरुवार, 26 फरवरी 2026 मूल्य-4 रूपये


एनसीईआरटी की बुक में न्यायपालिका से जुड़े हिस्से पर विवाद

## एनसीईआरटी की कक्षा 8वीं की किताब से 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' का चैप्टर हटेगा

### सीजेआई सूर्यकांत बोले- संस्था को बदनाम नहीं करने देंगे

नई दिल्ली






सुप्रीम कोर्ट ने एनसीईआरटी की कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की किताब में न्यायपालिका से जुड़ी सामग्री पर गंभीर आपत्ति जताई है। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि वह किसी को भी न्यायपालिका की संस्था को बदनाम करने की इजाजत नहीं देंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कानून अपना काम करेगा और जरूरत पड़ी तो अदालत स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करेगी। वहीं, जस्टिस बागची ने इसे बुनियादी ढांचे के खिलाफ बताया।

NCERT ने 24 फरवरी को क्लास 8 के स्टूडेंट्स के लिए सोशल साइंस की नई टेक्स्टबुक जारी की थी। ये किताब एकेडमिक सेशन 2026-27 से स्कूलों में पढ़ाई जानी थी। इसका पहला पार्ट जुलाई 2025 में रिलीज किया गया था।

किताब का नाम 'एक्सप्लोरिंग सोसायटीः इंडिया एंड बियॉन्ड पार्ट 2' है। इसमें 'द रोल ऑफ द ज्यूडीशियरी इन अवर सोसायटी' चैप्टर के अंदर 'करप्शन इन द ज्यूडिशियरी' का टॉपिक जोड़ा गया है। इसमें कहा गया है कि भ्रष्टाचार, बड़ी संख्या में पेंडिंग मामले और जजों की भारी कमी ज्यूडिशियल सिस्टम के सामने प्रमुख चुनौतियों में शामिल हैं।

विवाद बढ़ने के बाद NCERT ने किताब की बिक्री पर रोक लगा दी है। साथ ही कहा कि, विवादित चैप्टर को फिर से लिखा जाएगा।

इसमें कोर्ट की हायरार्की और न्याय तक पहुंच को समझाने से ज्यादा ज्यूडिशियल सिस्टम के सामने आने वाली चुनौतियों जैसे करप्शन और केस बैकलॉग को बताया गया है।

करप्शन वाले सेक्शन में बताया गया है कि जज एक कोड ऑफ कंडक्ट से बंधे होते हैं जो न केवल कोर्ट में बल्कि कोर्ट के बाहर भी उनके व्यवहार को कंट्रोल करता है। ज्यूडिशियरी के अंदरूनी अकाउंटेबिलिटी सिस्टम को भी समझाया गया है। सेंट्रलाइज्ड पब्लिक ग्रीवांस रिड्रेस एंड मॉनिटरिंग सिस्टम के जरिए शिकायतें लेने के तय तरीके भी बताए गए हैं।

किताब के मुताबिक CPGRAMS सिस्टम के जरिए 2017 और 2021 के बीच 1,600 ज्यादा शिकायतें मिली थीं।

किताब में गंभीर मामलों में जजों को हटाने के संवैधानिक नियम के बारे में भी बताया गया है कि पार्लियामेंट इंपीचमेंट मोशन पास करके जज को हटा सकती है।

### किताब में पूर्व सीजेआई बीआर गवई का भी जिक्र

किताब में भारत के पूर्व चीफ जस्टिस बीआर गवई का भी जिक्र है, जिन्होंने जुलाई 2025 में कहा था कि ज्यूडिशियरी के अंदर करप्शन और गलत कामों के मामलों का पब्लिक ट्रस्ट पर बुरा असर पड़ता है। उन्होंने कहा था, 'हालांकि, इस ट्रस्ट को फिर से बनाने का रास्ता इन मुद्दों को सुलझाने के लिए उठाए गए तेज, निर्णायक और ट्रांसपेरेंट एक्शन में है... ट्रांसपेरेंसी और अकाउंटेबिलिटी डेमोक्रेटिक गुण हैं।

सिब्बल ने सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस विपुल एम पंचोली और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच को बताया कि क्लास 8 के बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जा रहा है। यह निंदनीय है। सिंघवी ने कहा कि NCERT ने मान लिया है कि राजनीति, ब्यूरोक्रेसी और अन्य संस्थानों में भ्रष्टाचार है ही नहीं।

इसपर CJI सूर्यकांत ने कहा- दुनिया में किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। यह एक सोची-समझी और गहरी साजिश लगती है। मुझे पता है इससे कैसे निपटना है।मैं यह केस खुद हैंडल करूंगा। हम इस बारे में और कुछ नहीं कहना चाहते।

## मोदी को इजराइली संसद का सर्वोच्च सम्मान, प्रधानमंत्री मोदी ने हमास हमले की निंदा की

### नेतन्याहू बोले- मोदी एशिया के शेर

तेल अवीव



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय इज़राइल के दौरे पर हैं। उन्होंने बुधवार, 25 फरवरी को इज़राइली संसद नेसेट को संबोधित किया। जैसे ही प्रधानमंत्री ने अपना भाषण शुरू किया, पूरा सदन खड़ा हो गया और तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया गया। यह सिर्फ एक औपचारिक संबोधन नहीं था, बल्कि दो प्राचीन सभ्यताओं के बीच गहराते रिश्तों का प्रतीक था।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस प्रतिष्ठित सदन के सामने खड़ा होना उनके लिए सम्मान और सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि वे 140 करोड़ भारतीयों की ओर से दोस्ती, सम्मान और साझेदारी का संदेश लेकर आए हैं। यह क्षण केवल एक राजनयिक औपचारिकता नहीं था, बल्कि दुनिया के सबसे बड़े और सबसे पुराने लोकतंत्रों के बीच बढ़ते गहरे भरोसे का प्रतीक था। पीएम ने अपने भाषण की शुरुआत हिब्रू भाषा में अभिवादन के साथ की, जिसने इजरायली जनता का दिल जीत लिया।

### 'जीरो टॉलरेंस' का संदेश

पीएम मोदी ने आतंकवाद के मुद्दे पर दुनिया को आईना दिखाया। उन्होंने हमास द्वारा किए गए 7 अक्टूबर के हमलों को 'क्रूर और अमानवीय' करार दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म या औचित्य नहीं हो सकता। भारत की ओर से उन्होंने 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर जोर दिया और कहा कि जब तक दुनिया आतंकवाद के खिलाफ एक सुर में नहीं बोलेगी, तब तक निर्दोषों का खून बहता रहेगा।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने मुंबई के 26/11 हमले और इजरायल पर हुए 7 अक्टूबर के हमले के बीच समानताएं रेखांकित कीं। उन्होंने कहा, 'हम न मुंबई का दर्द भूले हैं और न ही 7 अक्टूबर की क्रूरता को। पीएम मोदी ने इजरायली जनता को विश्वास दिलाया कि दुख की इस घड़ी में भारत उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। उन्होंने कहा कि भारत उन सभी परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता है जिन्होंने आतंकवाद के कारण अपनों को खोया है।

### 2000 साल पुराना अटूट सांस्कृतिक रिश्ता

प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच प्राचीन संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत और इजरायल का नाता 2000 साल पुराना है। उन्होंने बताया कि भारत ने हमेशा यहूदी समुदाय का स्वागत किया है और भारत में वे सदियों से बिना किसी भेदभाव के सुरक्षित रहे हैं।

## ईडी ने अनिल अंबानी का मुंबई स्थित घर 'एबोड' किया कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित बैंक धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने धनशोधन रोधक कानून (पीएमएलए) 2002 के तहत अनिल अंबानी के मुंबई पॉश इलाका स्थित घर 'एबोड' को कुर्क किया, जिसकी कीमत 3,716 करोड़ रुपये है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को दी गई जानकारी में बताया रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी के मुंबई स्थित घर 'एबोड' को ईडी ने कुर्क किया है।

## इंडिगो फ्लाइट में 200 से ज्यादा यात्री 4 घंटे फंसे

### पैसेंजर्स बोले- एसी बंद, सांस लेने में दिक्कत

नई दिल्ली



चेन्नई से सिंगापुर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6श्न 1025 24 फरवरी को तकनीकी कारणों से करीब 5 घंटे लेट हो गई। इससे विमान में बैठे 200 से ज्यादा यात्री रनवे पर फंसे रहे। उन्होंने जानकारी के अभाव और एयर कंडीशनिंग की समस्या को लेकर भी नाराजगी जताई।

घटना का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में यात्री क्रू से टेक-ऑफ में देरी का कारण पूछते दिख रहे हैं। एक यात्री ने आरोप लगाया कि विमान के अंदर एयर कंडीशनिंग बार-बार बंद हो रही है, जिससे सांस लेने में दिक्कत हो रही है।

एक अन्य यात्री ने कहा कि वे सुबह 7 बजे से इंतजार कर रहे हैं और उन्हें कोई जानकारी नहीं दी जा रही। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो में दावा किया गया कि यात्री 4 घंटे से अधिक समय तक विमान में बिना वेंटिलेशन और खाना के बैठे रहे।

यात्रियों ने यह भी दावा किया कि फ्लाइट पहले तकनीकी खराबी के कारण लेट हुई। इसके बाद ड्यूटी टाइम खत्म होने का हवाला देते हुए पायलट भी विमान से उतर गया। दूसरा पायलट लगभग 11 बजे पहुंचा। इसके बाद दोपहर में विमान ने उड़ान भरी। इंडिगो के प्रवक्ता ने बयान जारी कर कहा कि फ्लाइट एक छोटी तकनीकी खराबी के कारण बे (पार्किंग) पर लौट आई थी। जांच और रखरखाव के दौरान कॉकपिट क्रू का ड्यूटी टाइम लिमिट पार हो गया, जिससे क्रू बदलना पड़ा और उड़ान में और देरी हुई।

एयरलाइन ने असुविधा के लिए खेद जताया और कहा कि यात्रियों को रिफ्रेशमेंट और समय-समय पर अपडेट दिए गए थे।

## राजस्थान में 1 से 12वीं तक का सिलेबस बदला

### रानी पद्मावती और अमृता देवी बिश्नोई की कहानियां अब पढ़ेंगे बच्चे

जयपुर



राजस्थान में आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को नई और संशोधित सिलेबस की किताबें मिलेंगी। राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल ने कक्षा 1 से 12वीं तक के सिलेबस में आंशिक बदलाव किए हैं। मंडल सचिव रंजीता गौतम ने सभी जिला वितरण केंद्रों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं, ताकि नया सेशन समय पर शुरू हो सके और विद्यार्थियों को संशोधित सिलेबस की किताबें उपलब्ध कराई जा सकें। नई पुस्तकों में राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, लोककला, भूगोल और इतिहास को विशेष स्थान दिया गया है। स्टूडेंटस को प्रदेश के महान व्यक्तित्वों और उनके योगदान से परिचित कराया जाएगा। इनमें प्रमुख रूप से महाराणा प्रताप, पन्नाधाय, रानी पद्मावती, अमृता देवी बिश्नोई और महाराजा सूरजमल जैसे प्रेरणादायक चरित्र शामिल हैं।

पिछले साल की तुलना में इस बार लगभग 10 प्रतिशत अधिक किताबें प्रकाशित कराई जा रही हैं, ताकि विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप किताबें उपलब्ध हो सके। शिक्षक संघ रेसटा प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने बताया- बच्चों को अपनी मिट्टी, संस्कृति और इतिहास से जोड़ना समय की जरूरत है।

हालांकि, चिंता इस बात को लेकर है कि 1 अप्रैल से शुरू हो रहे नए सेशन से पहले सभी बच्चों को नई किताबें मिल जाए। अगर सेशन के पहले सप्ताह तक किताबें मिल जाए तो ठीक है। पाठ्य पुस्तक मंडल जयपुर द्वारा राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में नया सत्र शुरू होने से पहले ही विद्यार्थियों तक नए पाठ्यक्रम की पुस्तकें पहुंचे, यह सुनिश्चित करना चाहिए।

कक्षा 1 से 5 तक के पाठयक्रम में राजस्थान के महापुरूषों के बारे में जानकारी, कक्षा 4 व 5 के उर्दू विषय में बदलाव, शेष सिलेबस सेम रहेगा।

## सीएम हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मनी लांड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समन पर पेश नहीं होने के मामले में ट्रायल कोर्ट में चल रही कार्रवाई पर रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की पीठ ने कहा कि ईडी ने कई छोटे-मोटे मामलों में ज्यादा ध्यान दिया है। सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने कहा हेमंत सोरेन को 7 बार समन भेजा गया था, लेकिन वो पेश नहीं हुए। इसके बाद गिरफ्तार कर लिया था। सोरेन के वकील ने कहा सोरेन तीन बार ईडी के सामने पेश हुए, लेकिन हर बार उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

## ओडिशा माइनिंग अफसर के घर से 4.27 करोड़ नकद मिले

### 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा गया था

कटक

ओडिशा विजिलेंस ने बुधवार को कटक सर्किल के डिप्टी डायरेक्ट (माइंस) देबब्रत मोहंती के घर से 4.27 करोड़ रुपए नकद जब्त किए। मोहंती को लाइसेंसी कोयला व्यापारी से 30 हजार की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। आरोप है कि वह कोयला डिपो को बिना रुकावट चलाने और काम आसान करने के बदले रिश्वत ले रहा था।

यह ट्रैप ऑपरेशन ओडिशा विजिलेंस ने रिश्वत मांगने की शिकायत मिलने के बाद किया था।

गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस की टीमों ने मोहंती और उनके करीबियों के कई ठिकानों पर छापे मारे। विभाग ने मठासाही में मोहंती के पैतृक घर और भुवनेश्वर के पाटिया इलाके वाले फ्लैट पर छापा मारा।

भुवनेश्वर वाले फ्लैट से सूटकेस, ट्रॉली बैग और अलमारियों में नोटों के ढेर मिले। इसके अलावा, उसके ऑफिस से 1.20 लाख नकद भी बरामद हुए। नोटों की गिनती के लिए करेंसी काउंटिंग मशीनें लाई गईं।

## असम में बॉयफ्रेंड के सामने 7 लोगों ने किया महिला से गैंगरेप

गुवाहाटी

असम के कछार जिले के सिलचर शहर के पास एक 28 साल की महिला का उसके बॉयफ्रेंड के सामने 7 लोगों ने गैंगरेप किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले में शिकायत 19 फरवरी को दर्ज कराई गई थी। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि रेप के बाद एक आरोपी ने महिला से 10 हजार रुपए उसके खाते में ट्रांसफर कराए। पीड़ित के घरवालों ने कहा कि वह सिलचर शहर से कुछ किलोमीटर दूर बाईपास रोड पर अपने बॉयफ्रेंड के साथ कार में थी, तभी एक स्कूं में कुछ लोग आए और उन पर हमला कर दिया।

उन्होंने कहा- आरोपियों ने पहले कपल से उनके ठिकाने के बारे में पूछा और फिर अचानक महिला और उसके दोस्त को पकड़ लिया। वहां करीब 7 आदमी थे, और उन्होंने उसके दोस्त के सामने एक-एक करके उसका रेप किया।

पुलिस शुरू में इस मामले पर चुप थी, लेकिन मंगलवार को सिलचर के एक पत्रकार पर एक आरोपी के परिवार वालों ने हमला कर दिया। इसके बाद यह मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित ने दो लोगों की पहचान की, जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में बाकी लोगों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने की कोशिश की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि सिलचर सदर पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता की धारा 308 (5) (जान से मारने की धमकी देकर वसूली), 310 (2) (डकैती), 351(2) (आपराधिक धमकी), 61(2) (दो या उससे ज़्यादा लोगों का गैर-कानूनी काम, 70(1) (गैंग रेप) एवं अन्य संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

## अरुणाचल की महिलाओं पर नस्लीय टिप्पणी करने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार

नई दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश की 3 महिलाओं पर नस्लीय टिप्पणी करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने आरोपी रूबी जैन और हर्ष सिंह को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों को SC/ST Act के तहत गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले मंगलवार को मुख्य आरोपी और महिला के पति हर्ष सिंह ने न्यूज एजेंसी से कहा कि हम निश्चित रूप से शर्मिंदा हैं। मैं ऐसा इंसान नहीं हूं, ये सब कुछ हीट ऑफ द मूमेंट में हो गया। हर्ष ने कहा कि मामले में हम दिल्ली पुलिस का पूरी तरह से सहयोग कर रहे हैं। वहीं, वीडियो वायरल होने के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि उनका ऑफिस पहले दिन से ही पीड़ितों और दिल्ली पुलिस के लगातार संपर्क में है। उन्होंने कहा कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

रिजिजू ने कहा कि मामले में गिरफ्तारियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में नॉर्थईस्ट के लोगों के खिलाफ किसी भी तरह के दुर्व्यवहार को अधिकारी गंभीरता से लेते हैं। अगर दिल्ली में नॉर्थईस्ट के किसी भी व्यक्ति के साथ कोई घटना होती है, तो हम तुरंत कार्रवाई करते हैं।

कैबिनेट की बैठक में भैरोंसिंह शेखावत सरकार का फैसला बदला

## दो से ज्यादा बच्चों वाले भी लड़ सकेंगे निकाय-पंचायत चुनाव

जयपुर



प्रदेश में अब दो से ज्यादा संतान वाले भी पंचायतीराज और शहरी निकाय चुनाव लड़ सकेंगे। कैबिनेट की बैठक में भैरोंसिंह शेखावत सरकार का फैसला 30 साल बाद बदल दिया गया है। इससे निकाय और पंचायतीराज की सियासत बदलेगी। कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा- कैबिनेट ने राजस्थान पंचायतीराज संशोधन बिल और राजस्थान नगरपालिका संशोधन बिल 2026 को मंजूरी दे दी है। इन दोनों संशोधनों के बाद अब दो से ज्यादा बच्चों वालों के निकाय-पंचायत चुनाव लड़ने पर लगी रोक हटा जाएगी। पटेल ने कहा- दोनों बिल इसी सत्र में पारित होंगे। जिस वक्त ये प्रावधान लागू किए थे, उस वक्त जनसंख्या नियंत्रण का मकसद था। अब हालात बदल गए हैं।

अजमेर में आयुर्वेद विश्वविद्यालय खुलेगा। कैबिनेट ने अजमेर में आयुर्वेद एंड नेचुरोपैथी यूनिवर्सिटी बिल को मंजूरी दी है।

डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने कहा- राजस्व आसूचना निदेशालय की जगह राजस्व आसूचना और आर्थिक अपराध निदेशालय के गठन को मंजूरी दी है। इसका मुख्यालय जोधपुर होगा। यह निदेशालय बैंक, शेयर से लेकर मल्टी लेवल मार्केटिंग के नाम पर होने वाले फर्जीवाड़े को रोकने का काम करेगा। सहकारी सोसाइटी के जरिए जमीनों की धोखाधड़ी रोकने का काम करेगा। निदेशालय के लिए 60 पद बनाए गए हैं। उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि जयपुर में बी-टू बायपास पर भारत मंडपम बनने का फैसला हुआ था। पहले के फैसले को सुधारा है। उस वक्त कुल प्रोजेक्ट लागत 3500 करोड़ आ रही थी। उस कीमत में रेवेन्यू जनरेट करने में गैप आ रहा था, वो 635 करोड़ था। हमने उसे बदल दिया है। अब प्रोजेक्ट कॉस्ट को 5800 करोड़ कर दिया है।

इससे अब रेवेन्यू जनरेशन 5800 करोड़ से ज्यादा होगा। राज्य सरकार पर अब कोई भार नहीं आएगा। राठौड़ ने कहा कि उदयपुर में आयरन ओर (लौह अयस्क) की खान है। कंपनी आयरन के लिए 500 करोड़ का निवेश करना चाहती है। इस कंपनी को 53 एकड़ जमीन आवंटन करने की मंजूरी दी है।

1995 में तत्कालीन भैरोंसिंह शेखावत सरकार के समय 2 से ज्यादा बच्चों पर निकाय और पंचायतीराज चुनाव नहीं लड़ सकने का प्रावधान किया था। उस वक्त पंचायतीराज कानून और राजस्थान नगरपालिका कानून में संशोधन करके ये प्रावधान जोड़े थे।

अब 30 साल पुराने इस प्रावधान को बदलने का फैसला हुआ है। दो से ज्यादा बच्चों वालों को निकाय-पंचायतीराज चुनाव लड़ने पर पाबंदी हटाने से स्थानीय स्तर की सियासत बदलेगी। तीन बच्चों वाले कई नेता जो चुनाव नहीं लड़ पाते थे। अब उन्हें मौका मिलेगा। बीजेपी और कांग्रेस में जिलों में बड़ी संख्या में ऐसे नेता हैं।

पंचायतीराज और शहरी निकायों में चुनाव लड़ने के लिए दो बच्चों की बाध्यता हटाने की लंबे समय से मांग चल रही थी। बीजेपी के कई नेताओं और कई सामाजिक संगठनों ने भी सरकार को ज्ञापन देकर दो बच्चों का प्रावधान बदलने की मांग उठाई थी। विधानसभा में भी कई विधायकों ने इसकी मांग उठाई थी। गहलोत सरकार के दौरान कांग्रेस विधायक हेमाराम चौधरी ने दो संतान की बाध्यता हटाने की मांग उठाई थी।

पिछले बजट सत्र में चित्तौड़गढ़ से विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने सरकार से पूछा था कि प्रदेश में तीन संतान होने पर पंचायत चुनाव नहीं लड़ सकते, जबकि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में यह प्रतिबंध नहीं है।

## पंचायत चुनाव के लिए फाइनल वोटर लिस्ट जारी, 4.02 करोड़ वोटर्स करेंगे मतदान

### 457 पंचायत समितियों में अगले महीने चुनाव संभव

जयपुर

राजस्थान में राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत चुनाव के लिए फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी। 4.02 करोड़ से ज्यादा वोटर्स चुनाव में मतदान करेंगे। 41 जिला परिषद और 457 पंचायत समितियों, 14 हजार 403 ग्राम पंचायतों में अगले महीने चुनाव संभव है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने बताया- पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव के लिए अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची बुधवार को जारी हो गई है। इसके अनुसार प्रदेश की पंचायत चुनाव में अब 4 करोड़ 2 लाख 20 हजार 734 वोटर्स दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया- अंतिम प्रकाशन तक 5 लाख 73 हजार 568 वोटर्स बढ़े हैं।

राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने बताया- बांसवाड़ा जिले में सबसे ज्यादा 4.55 प्रतिशत और फलोदी जिले में 4.46 प्रतिशत वोटर्स बढ़े हैं। वहीं टोंक जिले में सबसे कम 0.04 प्रतिशत, श्रीगंगानगर जिले में 0.19 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही।

उन्होंने बताया- 29 जनवरी 2026 को प्रकाशित प्रारूप सूची में 3 करोड़ 96 लाख 47 हजार 166 वोटर्स थे। वहीं आपत्तियां और सुझाव आने के बाद उनका निपटारा करते हुए 13 लाख 66 हजार 435 वोटर्स जोड़े गए। वहीं 7 लाख 92 हजार 867 वोटर्स हटाए गए।

# बंगाल के एसआईआर में लाखों दावों-आपत्तियों से निपटेंगे झारखंड-ओडिशा के जज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के एसआईआर में 80 लाख दावों और आपत्तियों से निपटने के लिए सिविल जजों को नियुक्त करने और पड़ोसी राज्यों झारखंड व ओडिशा से न्यायिक अधिकारियों को बुलाने की अनुमति दे दी है। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के एक पत्र पर संज्ञान लिया, जिसमें कहा गया था कि एसआईआर कवायद के लिए तैनात 250 जिला न्यायाधीशों को दावों और आपत्तियों से निपटने में करीब 80 दिन लगेंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गंभीर स्थिति और समय की कमी को ध्यान में रखते हुए पीठ ने प्रक्रिया संचालित करने के लिए सिविल जजों की तैनाती की अनुमति दी। उसने कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से झारखंड और ओडिशा के अपने समकक्षों से



अनुरोध करने और स्थिति से निपटने के लिए समान पदों के न्यायिक अधिकारियों की मांग करने को कहा। पीठ ने निर्वाचन आयोग को झारखंड और ओडिशा से न्यायिक अधिकारियों की तैनाती का खर्च वहन करने का निर्देश भी दिया। हाई कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को 28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करने की अनुमति भी दी और स्पष्ट किया कि सत्यापन प्रक्रिया आगे बढ़ने पर चुनाव आयोग पूरक सूचियां जारी कर सकता है। वर्ष 2002 की मतदाता सूची से पारिवारिक संबंध जोड़ने में तार्किक विसंगतियों में ऐसे मामले शामिल हैं, जिनमें माता-पिता के नाम में असंगति पाई गई है और मतदाता व उसके माता-पिता के बीच आयु का अंतर 15 साल से कम या 50 साल से ज्यादा है। सुप्रीम कोर्ट ने 20 फरवरी को पश्चिम बंगाल सरकार और निर्वाचन आयोग के बीच गतिरोध से निराश होकर राज्य में विवादों से घिरे एसआईआर में आयोग की सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का एक निर्देश जारी किया था। चुनाव आयोग और बंगाल में लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई टीएमसी सरकार के बीच दुर्भाग्यपूर्ण आरोप-प्रत्यारोप और विश्वास की कमी पर अफसोस जताते हुए पीठ ने एसआईआर प्रक्रिया को पूरा करने के लिए कई नए निर्देश पारित किए थे।

## गुटखे के प्रचार को लेकर हाईकोर्ट सख्त, शाहरुख, अजय देवगन और अक्षय कुमार को भी बनाया पक्षकार



लखनऊ (एजेंसी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खण्डपीठ ने गुटखा कंपनियों का प्रचार करने के मामले में अपने पूर्व के आदेश के पालन के संबंध में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण को जवाब देने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई छह अप्रैल को होगी। मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने यह आदेश स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की जनहित याचिका पर दिया है। दरअसल, हाईकोर्ट ने 25 नवंबर 2025 को हुई सुनवाई के दौरान प्राधिकरण से पूछा था कि 2023 में याची के प्रत्यावेदन पर अब तक जांच लंबित क्यों है? याचिका में गुटखा कंपनियों के साथ क्रिकेटर कपिल देव, सुनील गावस्कर, वीरेंद्र सहवाग, क्रिस गेल तथा अभिनेताओं अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, अक्षय कुमार, अजय देवगन, सलमान खान, रितिक रोशन, टाइगर श्राफ, सैफ अली खां व रणवीर सिंह को भी पक्षकार बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि ये हस्तियां जो पान मसाला कंपनियों का प्रचार कर रही हैं उनमें से अधिकांश पद्म पुरस्कार धारक हैं और उनकी ओर से किए जाने वाले ऐसे विज्ञापनों से समाज में गलत संदेश जाता है। ये विज्ञापन उपभोक्ता कानूनों का उल्लंघन भी है।

## दर्दनाक हादसा–घर में लगी भीषण आग, एक ही परिवार के छह लोग जिंदा जले, महिला घायल

मेरठ (एजेंसी)। यूपी के मेरठ जिले में एक मकान में आग लगने से पांच बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो गई और एक महिला घायल हो गई। मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने मंगलवार को यहां बताया कि घटना किदवई नगर इलाके में बीती रात करीब आठ बजे हुई। उन्होंने बताया कि इकबाल अहमद के आवास पर आग लगने की सूचना रात आठ बजकर 49 मिनट पर मिली, जिसके बाद पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि तीन मिनट के भीतर, डायल 112 पुलिस प्रतिक्रिया वाहन मौके पर पहुंच गया और उसके तुरंत बाद दमकल की गाड़ियां भेजी गईं। पुलिस के मुताबिक, घर में सिलाई का काम होता था और बड़ी मात्रा में कपड़े रखे हुए थे जिससे आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं। उन्होंने कहा कि इलाके में संकरी गलियों के कारण दमकल वाहनों को घटनास्थल तक पहुंचने में चुनौती पेश आती है इसीलिए अग्निशमन विभाग के बेड़े में शामिल की गईं नयी मोटरसाइकिलों को भेजा गया। एसएसपी ने बताया कि एक स्थानीय निवासी ने भी फंसे लोगों को निकालने में मदद के लिए सीढ़ी लगाकर बचाव प्रयासों में सहायता की। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने का संदेह है और विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना में सात लोग झुलसे हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में चिकित्सकों ने उनमें से छह लोगों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान रुखसार (25), महबीश (12), हम्माद (चार), अकदस (चार), नबिया (चार माह) और इनायत (चार माह) के रूप में की गई है, जो किदवई नगर में सुराही वाली मस्जिद के पास गली नंबर तीन के निवासी थे। एसएसपी ने बताया कि घायल महिला अमीर बानो (55) का उपचार किया जा रहा है। परिवार के एक सदस्य मोहम्मद फारूक ने कहा कि जब उन्हें आग लगने की सूचना मिली तो वह नमाज पढ़ने गए थे।

## नीतिश के मंत्री का राहुल गांधी पर हमला, देश की जनता अब उन्हें गंभीरता से नहीं लेती

पटना (एजेंसी)। बिहार में नीतिश सरकार में मंत्री मंगल पांडे ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि देश की जनता अब उन्हें गंभीरता से बिल्कुल नहीं लेती। राहुल गांधी की पहचान अब इसतरह के नेता के तौर पर है जो देश की छवि को धूमिल करने का काम कर रहा हैं, लेकिन राहुल गांधी को सफलता हाथ नहीं लग रही है। दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एआई समिट में यूथ कांग्रेस के शर्टलेस विरोध पर नीतिश सरकार में मंत्री पांडे ने कहा कि जब भी भारत को बदनाम करने या देश की इमेज खराब करने के लिए कांग्रेस सबसे आगे रहती है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी तेजी से मजाक का विषय बनते जा रहे हैं। इसकारण भारत की जनता राहुल गांधी को कभी गंभीरता से नहीं लेती। मंत्री पांडे ने कहा कि एआई समिट विश्व का मंच था, जहां 20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष आए थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा वहां जिस तरह का प्रदर्शन हुआ है, वह निंदनीय है। कांग्रेस के इस प्रोटेस्ट से सभी को बहुत आघात पहुंचा है। कांग्रेस के लोग पता नहीं कि अब लोकतंत्र में क्या दिखाना क्या चाहती है। कांग्रेस ने शर्टलेस प्रोटेस्ट से देश की छवि को खराब करने की कोशिश की, लेकिन कांग्रेस को सफलता नहीं मिली। भाजपा नेता अश्विनी कुमार चौबे ने इंडिया एआई समिट में यूथ कांग्रेस के शर्टलेस प्रोटेस्ट पर कहा कि आपने देखा कि एआई समिट में 140 देशों के प्रतिनिधियों का कॉन्फ्रेंस चल रहा था और किस प्रकार से कांग्रेस के द्वारा एक छोटी–सी बात को लेकर भारत की छवि को दुनिया के सामने खराब करने की कोशिश की गई।

## लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में नमाज पढ़ने पर 13 छात्रों को नोटिस

लखनऊ (एजेंसी)। रमजान के महीने में लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में नमाज पढ़ने को लेकर पुलिस प्रशासन ने छात्रों के खिलाफ कार्रवाई कर दी है। लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर स्थित लाल बारादरी में नमाज पढ़ने के प्रकरण में प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई कर 13 छात्रों को नोटिस दे दिया है। सहायक पुलिस आयुक्त/ कार्यपालक मजिस्ट्रेट, महानगर कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा के तहत जारी नोटिस में आरोप लगाया गया है कि संबंधित छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर में लाल बारादरी के पास चल रहे निर्माण कार्य को बाधित करने का काम किया। कैंटीन के सामने सड़क पर बैठकर नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थान पर नमाज पढ़ने की कोशिश की, जिससे शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका उत्पन्न हुई। पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर जारी आदेश में कहा गया है कि इन गतिविधियों से विश्वविद्यालय परिसर में तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई और भविष्य में लोक शांति भंग होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी आधार पर कार्यपालक मजिस्ट्रेट ने सभी 13 छात्रों को निर्देश दिया है कि वे एक वर्ष तक शांति और कानून–व्यवस्था बनाए रखने की गारंटी के रूप में 50 हजार का व्यक्तिगत मुचलका और 50–50 हजार के दो जमानतदार प्रस्तुत करें। लखनऊ यूनिवर्सिटी परिसर की लाल बारादरी का वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें हिंदू छात्रों ने चेन बनाकर मुस्लिम छात्रों को नमाज पढ़ने में मदद की थी। सोमवार को छात्रों के दूसरे संगठन ने इसके विरोध में प्रदर्शन किया था। आरोप है कि लाल बारादरी में रेनोवेशन का काम चल रहा है। इसके बावजूद छात्र यहां नमाज अदा करने पहुंचे थे। जब छात्रों को नमाज पढ़ने से रोका गया तब हिंदू छात्रों ने बैरिकेटिंग को गिरा दिया और ह्यूमन चेन बनाकर खड़े हो गए। इसके बाद छात्रों ने नमाज अदा की और रोजा खोला।

## अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर महंगे आभूषण, लग्जरी घड़ियां और विदेशी मुद्रा के साथ महिला गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर कस्टम विभाग ने बड़ी कार्रवाई कर एक महिला यात्री को अवैध रूप से महंगे आभूषण, लग्जरी घड़ियां और विदेशी मुद्रा लाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अमेरिकी पासपोर्ट धारक यह महिला हांगकांग से फ्लाइट नंबर सीएएक्स–695 द्वारा टर्मिनल–3 पर पहुंची थी। महिला पर संदेह होने पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने उन्हें रोका और सामान की एक्स–रे जांच की। निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत विस्तृत तलाशी लेने पर भारी मात्रा में अघोषित विदेशी सामान बरामद हुआ।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी राष्ट्रविरोधी ताकतों के प्रवक्ता बन चुके: अनुराग ठाकुर



**कांगड़ा (एजेंसी)।** भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी राष्ट्रविरोधी ताकतों के प्रवक्ता बन चुके हैं। कांगड़ा में भाजपा सांसद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कई गंभीर आरोप लगाए। सांसद ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी देश विरोधी ताकतों के प्रवक्ता बने हुए हैं। वह भारत में रहकर और भारत के बाहर रहकर देश विरोधी एजेंडा चलाते हैं, इतना ही नहीं नकारात्मक पॉलिटिक्स को बढ़ावा देकर अराजकता फैलाने का प्रयास करते हैं। अब उनका एकमात्र काम झूठ बोलना, कन्फ्यूजन पैदा करना, भारत को बदनाम करना और मोदी विरोधी राजनीति करना है। जब भारत की इकॉनमी सबसे तेजी से बढ़ रही है, तब वह भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनमी कहते हैं। उन्हें भारत की तरक्की पसंद नहीं है। भाजपा सांसद ने कहा कि पूरी दुनिया ने एआइ समिट की तारीफ की, वहां राहुल गांधी के इशारे पर उनके कार्यकर्ता शर्टलेस प्रदर्शन कर देश की छवि को धूमिल करने की कोशिश की। क्या राहुल गांधी की राजनीति विदेशों से तय हो रही है। कांग्रेसी विदेशियों का एजेंडा चला रहे हैं। कांग्रेस पार्टी जॉर्ज सोरेस के कहने पर चल रही है। कांग्रेस पार्टी राजीव गांधी फाउंडेशन में चंदा ले रही है और फिर चीन का गुणगान कर रही है।

उन्होंने कहा कि आज राहुल का मतलब क्या हो गया है? आर से रार, ह से हुडदंग, ल से लंफगई। उनकी जगहंसाई हो रही है। सवाल पूछे जा रहे हैं कि क्या राहुल गांधी सच में नेता प्रतिपक्ष हैं।

भाजपा सांसद ने कहा कि संसद में महिला सांसदों को भेजकर पीएम की सीट का घेराव करना किस तरह की राजनीति है। विदेशी मंचों पर जाकर राहुल गांधी बयान देते हैं। एक के बाद एक झूठ बोलते हैं, उनका यही काम रह गया है। कांग्रेस अराजकता, अफवाह और दंगा फैलाने की हरसंभव कोशिश कर रही है। राहुल गांधी जो सोच रहे हैं, वह सफल नहीं हो सकते है।

## कांग्रेस डरपोक नहीं, संविधान की रक्षा के लिए जो भी त्याग करना पड़ेगा करेंगे

### मल्लिकार्जुन खड़गे ने उदय भानु चिब की गिरफ्तारी को लेकर दी तीखी प्रतिक्रिया

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडियन यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी को लेकर कहा कि वे हमारे युवा नेताओं को डराने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस न तो डरपोक है और न ही डरने वाली है। लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए जो भी त्याग करना पड़ेगा, हम करेंगे।

बेंगलुरु में मीडिया से बातचीत में खड़गे ने कहा कि जब कॉमनवेल्थ गेम्स हो रहे थे, तो नितिन गडकरी और बीजेपी नेताओं ने क्या किया? ऐसे हर इवेंट में वे देश की भावना को समझने में नाकाम रहे। उन्होंने यह नहीं सोचा कि इससे उस समय भारत और विदेश के एथलीटों को क्या संदेश जाएगा। बीजेपी दूसरों के बारे में तो बहुत कुछ कहती है, लेकिन अपने गिरेबान में नहीं झांकती है। अगर वे अपने गिरेबान में झांकेंगे, तो शायद उन्हें अपनी सच्चाई दिखाई देगी। मैं यूथ कांग्रेस अध्यक्ष



भानु की गिरफ्तारी की निंदा करता हूं।

रिपोर्ट के मुताबिक खड़गे ने कहा कि युवा आज नौकरी के लिए तड़प रहे हैं और देश का माहौल इतना खराब हो चुका है कि उसके कारण केंद्र सरकार के प्रति लोगों में भारी रोष है। मैं चाहता था कि पीएम मोदी देश के लिए कुछ अच्छा कार्य करें, लेकिन केंद्र सरकार नहीं कर रही है। हमारी सरकार वह कर रही है जो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप कहते हैं। ऐसा लगता है कि ट्रंप के सामने सरकार ने घुटने टेक दिए हैं। उन्होंने भारत-अमेरिका ट्रेड डील से किसानों का नुकसान होगा। हमें बंधुआ मजदूर बनाने की दिशा में धकेला जा रहा है।

खड़गे ने कहा कि सरकार की ओर से कांग्रेस को डराया जा रहा है, लेकिन कांग्रेस डरने वाली नहीं है और न ही डरपोक है। हमारे देश में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए जो भी त्याग करना पड़ेगा, हम करेंगे। हम लड़ते रहेंगे और सरकार के खिलाफ संघर्ष जारी रखेंगे। उन्होंने एआई समिट में यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन के बाद पुलिस की कार्रवाई पर कहा कि प्रदर्शन करने के बाद अगर हिरासत में लिया जाता है तो पुलिस कुछ देर बाद छोड़ देती है, लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं हुआ। कांग्रेस को निशाना बनाकर डर पैदा करने के लिए काम कर रहे हैं और कांग्रेस डरने वाली नहीं है।

## केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने पर थरूर का मजाकिया अंदाज

नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने की चर्चा के बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक दिलचस्प लेकिन अहम भाषाई सवाल उठा दिया है। तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद थरूर ने अपनी पोस्ट पर प्रतिक्रिया देकर कहा कि नाम परिवर्तन सभी के लिए अच्छा कदम हो सकता है, लेकिन अंग्रेज़ी बोलने वालों के लिए एक छोटा सा भाषाई प्रश्न खड़ा होता है। उन्होंने हल्के–फुल्के अंदाज़ में पूछा कि अगर राज्य का नाम 'केरलम' हो जाएगा, तब वहां के निवासियों को क्या कहा जाएगा....केरलाइट', 'केरलन' या कुछ और?

कांग्रेस सांसद थरूर ने मजाकिया लहजे में लिखा कि 'केरलमाइट' शब्द सुनने में किसी सूक्ष्म जीव (माइक्रोब) जैसा लगता है, जबकि 'केरलमियन' किसी दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ मटीरियल) की तरह प्रतीत होता है। उन्होंने केरल के सीएम ऑफिस को टैग कर सुझाव दिया कि शायद मुख्यमंत्री नए शब्द के चयन के लिए कोई प्रतियोगिता आयोजित कर सकते हैं। उनका यह बयान तब आया है जब केंद्र की मोदी सरकार राज्य का नाम आधिकारिक रूप से 'केरलम' करने सहमति जता चुकी है।

## महाराष्ट्र से एनसीपी पार्थ पवार को राज्यसभा चुनाव में उतारेगी, बीजेपी के अंदर नामों को लेकर मंथन

### –शिवसेना शिंदे गुट के लिए एक सीट सुरक्षित

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की सात राज्यसभा सीटों पर होने वाले चुनाव से पहले महाराष्ट्र में सियासत में हलचल तेज हो गई है। महायुति की सरकार में शामिल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने इस लेकर अपने उम्मीदवार पर बड़ा फैसला लिया है। सूत्रों के अनुसार, सोमवार की रात प्रफुल्ल पटेल के आवास पर पार्टी की कोर कमेटी की हुई बैठक में पार्थ पवार को राज्यसभा चुनाव में उतरने पर सहमति बनी है। बैठक में प्रफुल्ल पटेल के अलावा उप मुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार और प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। 26 फरवरी को होने वाली बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव पर मुहर लग सकती है, जहां सुनेत्रा पवार का नाम सबसे आगे माना जा रहा है।

दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) भी अपने उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में जुटी हुई है। पार्टी इस बार राज्यसभा की चार सीटों पर उम्मीदवार उतारने की तैयारी में है। इसमें रामदास अठावले का नाम करीब तय है, जबकि विनोद तावड़े, विजया रहाटकर और धैर्यशील पाटिल के नामों पर



अंतिम निर्णय होना बाकी है।

बात दें कि महाराष्ट्र में इस बार राज्यसभा की 7 सीटें खाली हैं और 286 विधायकों के आधार पर एक उम्मीदवार को जीत के लिए 37 वोटों की जरूरत होगी। आंकड़ों के अनुसार, सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के पास स्पष्ट बढ़त है। सिर्फ बीजेपी के पास एक निर्दलीय को मिलाकर कुल (131+1) यानी 132 विधायकों का समर्थन है, इस संख्याबल के दम पर 3 से 4 सांसद आसानी से भेज सकती है। वहीं शिवसेना (शिंदे गुट) अपने 58 विधायकों के साथ एक सीट सुरक्षित कर सकती है, जबकि एनसीपी (अजित पवार गुट) भी एक सीट जीतने की स्थिति में है, क्योंकि अजित पवार की मौत के बाद उसके पास 40 विधायक हैं।

इसके मुकाबले महाविकास अघाड़ी (एमवीए), जिसमें कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार गुट) और शिवसेना (ठाकरे गुट) शामिल हैं, के पास कुल मिलाकर करीब 49 विधायकों का समर्थन है। इस संख्या के आधार पर एमवीए केवल एक सीट ही सुरक्षित कर सकती है। राजनीतिक समीकरणों के हिसाब से महायुति गठबंधन 6 सीटों पर मजबूत दिख रहा है, जबकि विपक्षी गठबंधन को सीमित सफलता मिलने की संभावना है।

## उड़ान भरते ही विमान इंजन हुआ फेल, दिल्ली एसरपोर्ट पर कराई आपात लैंडिंग

### –कॉकपिट में नहीं मिला फायर वार्निंग संकेत, विमान में सवार थे 150 यात्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली से लेह जा रहे स्पाइस जेट विमान की मंगलवार उड़ान भरने के तुरंत बाद ही विमान में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण लेह जाने के बजाय दिल्ली एयरपोर्ट पर इसकी इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान में करीब 150 यात्री सवार थे। इस घटना में किसी को नुकसान नहीं हुआ है। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि इंजन नंबर-2 फेल होने से इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। लैंडिंग के बाद यात्रियों के लिए यात्रा की वैकल्पिक व्यवस्था की उम्मीद है। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने बताया कि तकनीकी खराबी के चलते दिल्ली से लेह जा रहे विमान को वापस बुलाना पड़ा। विमान की सुरक्षित लैंडिंग हुई और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। कॉकपिट में फायर वार्निंग का कोई संकेत नहीं मिला।

रिपोर्ट के मुताबिक बताया जा रहा है कि फ्लाइट एसजी121 दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से




निकली थी। टेक ऑफ के तुरंत बाद ही क्रू मेंबर्स को तकनीकी खराबी का पता चला। सावधानी बरतते हुए पायलटों ने विमान को दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड करने का फैसला लिया। विमान की पूरे प्रोटोकॉल के साथ लैंडिंग करवाने के बाद सुरक्षा एजेंसियों के साथ मेडिकल टीम और फायर सर्विस भी वहां मौजूद थी।

बता दें इससे पहले असम के डिब्रूगढ़ से कोलकाता के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो एयरलाइन के एक विमान में 14 फरवरी को बम होने की धमकी मिली थी जिसके बाद विमान की तुरंत ही इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। वहीं बीते साल 2 दिसंबर को कुवैत से हैदराबाद आ रही इंडिगो के एक विमान में बम की धमकी के बाद मुंबई में उसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई थी। विमान में बम की चेतावनी की धमकी ई-मेल से मिली थी जो कि बाद में फर्जी निकली। वहीं बीते साल ही 12 नवंबर को एयर इंडिया एक्सप्रेस के मुंबई से वाराणसी जा रहे विमान के टॉयलेट में कागज पर बम लिखा मिलने के बाद वाराणसी में इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई थी।

## कांग्रेस गुटबाजी, अविश्वास और सहयोगी दलों के साथ तालमेल की कमी से हाशिये पर!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा के इस्तीफा देने के बाद पार्टी की लगातार गिरती राजनीतिक स्थिति और केंद्रीय नेतृत्व की भूमिका पर सवाल उठ खड़े हुए हैं। बोरा ने चुनाव से ठीक पहले पार्टी छोड़कर बीजेपी का दामन थाम लिया है, जिससे संगठनात्मक कमजोरी और आंतरिक कलह तेज हो गई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कई राज्यों में कांग्रेस की इकाइयां अंदरूनी गुटबाजी, आपसी अविश्वास और सहयोगी दलों के साथ तालमेल की कमी के कारण हाशिये पर आ रही है। आलोचकों के मुताबिक शीर्ष नेतृत्व की निर्णय प्रक्रिया में कथित 'सुस्ती' और समय पर हस्तक्षेप न कर पाने की प्रवृत्ति पार्टी के लगातार क्षरण का कारण बन रही है।

कर्नाटक में सीएम सिद्दारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बीच सत्ता संतुलन को लेकर लंबे समय से खींचतान चल रही है। बताया जाता है कि राहुल गांधी की मुलाकातों के बावजूद मतभेद खत्म नहीं हुए हैं। हिमाचल प्रदेश में सुखविंदर सिंह सुक्खू और प्रतिभा सिंह गुटों के बीच प्रदेश अध्यक्ष पद को लेकर संघर्ष जारी है। पार्टी ने राज्य इकाई भंग कर संतुलन साधने की कोशिश की, लेकिन असंतोष बना रहा। दिल्ली में जहां कभी शीला दीक्षित के नेतृत्व में 15 साल तक कांग्रेस की सरकार रही, पार्टी आज एकजुट चेहरा पेश करने में नाकाम है।

वहीं हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कुमारी सैलजा के बीच मतभेदों ने 2025 के विधानसभा चुनाव में पार्टी की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाया। पंजाब में कैप्टन अमरिंदर सिंह और नवजोत सिंह सिद्धू के बीच टकराव ने पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाया। बाद में चरणजीत सिंह चन्नी को जिम्मेदारी दी गई, लेकिन तब तक काफी क्षति हो चुकी थी। यूपी में संगठन भंग करने के बावजूद कांग्रेस पुनर्जीवित नहीं हो पाई। पूर्वोत्तर राज्यों, खासकर असम और अरुणाचल प्रदेश में भी पार्टी अव्यवस्था का सामना कर रही है। पश्चिम बंगाल में सीएम ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी ने कांग्रेस से दूरी बना ली है। झारखंड में हेमंत सोरेन की पार्टी के साथ गठबंधन भी अपेक्षित परिणाम नहीं दे सका।

बिहार में राजद के साथ गठबंधन के बावजूद कांग्रेस को 'बोझ' के रूप में देखा गया। ओडिशा में संगठन लगातार कमजोर हो रहा है। राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच टकराव को 2023 में सत्ता गंवाने की बड़ी वजह माना गया। गुजरात और महाराष्ट्र में भी पार्टी दो दशक से ज्यादा समय से बीजेपी को चुनौती देने में विफल रही है। तमिलनाडु में द्रमुक के साथ गठबंधन के बावजूद सीट बंटवारे को लेकर मतभेद उभरे हैं, जिससे आगामी चुनावों से पहले असहज स्थिति बन रही है। कुल मिलाकर कई राज्यों में लगातार गुटबाजी, नेतृत्व संकट और सहयोगियों के साथ तालमेल की कमी ने कांग्रेस की स्थिति को कमजोर किया है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या चुनौतियों के लिए शीर्ष नेतृत्व जिम्मेदार है।



कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय

# दो से अधिक संतान वाले भी लड़ सकेंगे पंचायतीराज और नगरपालिका चुनाव

**आर्थिक अपराधों की प्रभावी रोकथाम के लिए होगा राजस्व आसूचना एवं आर्थिक अपराध निदेशालय का गठन, औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करने के लिए राजस्थान औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति**

स्मार्ट हलचल|जयपुर/भीलवाड़ा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को विधानसभा सचिवालय में आयोजित मंत्रिमण्डल की बैठक में राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) विधेयक 2026 और राजस्थान नगरपालिका (संशोधन) विधेयक 2026 लाने, राजस्व आसूचना एवं आर्थिक अपराध निदेशालय के गठन सहित कई महत्वपूर्ण फैसले किए गए। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने कैबिनेट बैठक के बाद विधानसभा में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा-19 और राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा-24 में संशोधन कर राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) विधेयक 2026 और राजस्थान नगरपालिका (संशोधन) विधेयक 2026 लाने का महत्वपूर्ण निर्णय किया गया है। इससे जिन व्यक्तियों के दो से अधिक संतान हैं वे पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरपालिकाओं के चुनाव लड़ सकेंगे। उन्होंने बताया कि दो से अधिक संतान पर चुनाव लड़ने का प्रतिबंध उस समय लागू किया गया था, जब जनसंख्या विस्फोट पर प्रभावी नियंत्रण की आवश्यकता थी। वर्ष 1991-94 के बीच प्रजनन दर 3.6 थी, जो वर्तमान में घटकर 2 रह गई है। ऐसे में इन प्रावधानों का प्रत्यक्ष प्रभाव अब कम होता जा रहा है। पटेल ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की अनुपालना में राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 24 में संशोधन कर धारा 2 को संशोधित करते हुए शब्द कुष्ठ रोग को खतरनाक रोग की श्रेणी से हटाया गया है। जिससे नगरपालिका के आगामी चुनाव में सभी व्यक्तियों को चुनाव लड़ने का समान अवसर मिल सकेगा और कुष्ठ रोगियों का सम्मान भी सुनिश्चित हो सकेगा।

### भूमि पर अवैध कब्जों से लेकर फर्जी दस्तावेजों जैसे आर्थिक अपराधों की होगी प्रभावी जांच

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बताया कि आर्थिक अपराधों पर प्रभावी रोकथाम तथा वित्तीय अनुशासन के लिए राज्य राजस्व आसूचना निदेशालय को समाप्त कर राजस्व आसूचना एवं आर्थिक अपराध निदेशालय के गठन का निर्णय मंत्रिमण्डल में किया गया। उन्होंने बताया कि इससे रियल एस्टेट में धोखाधड़ी, बैंक-बीमा-एनबीएफसी एवं शेयर बाजार से



जुड़े वित्तीय अपराध, मल्टी लेवल मार्केटिंग ठगी, झूठा दिवालियापन, फर्जी प्लेसमेंट एजेंसी तथा फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से नौकरी या प्रवेश से संबंधित मामलों पर शीघ्र कार्रवाई हो सकेगी। साथ ही, सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा या विक्रय, स्टाम्प एवं पंजीयन अनियमितताएं, फर्जी कंपनियों का गठन, सहकारी समितियों में घोटाले जैसे आर्थिक अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो सकेगा और अपराधियों के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि यह निदेशालय वाणिज्यिक कर, आबकारी, परिवहन, पंजीयन एवं मुद्रांक, खनिज सहित विभिन्न स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण कर राजस्व लीकेज पर निगरानी रखेगा तथा टैक्स चोरी को रोकेगा। इससे राजस्व संबंधी सूचनाओं और आर्थिक अपराधों की जांच का कार्य एकीकृत रूप से किया जा सकेगा।

### राजस्थान औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति, 2026 में मिलेगा पूंजीगत अनुदान

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड ने बताया औद्योगिक विकास को नई गति देने, निवेश को प्रोत्साहित करने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने तथा सभी क्षेत्रों का संतुलित विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राजस्थान औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति, 2026 लाई जाएगी। इस नीति के अंतर्गत निजी क्षेत्र में औद्योगिक पार्कों के विकास के लिए मॉडल-ए (पूर्णतः रीको द्वारा आवंटित भूमि पर विकास), मॉडल-बी (80 प्रतिशत भूमि विकासकर्ता द्वारा अधिग्रहण एवं शेष 20 प्रतिशत भूमि रीको द्वारा निर्धारित दरों पर), मॉडल-सी (संपूर्ण भूमि की विकासकर्ता द्वारा व्यवस्था) तथा मॉडल-डी (पीपीपी मॉडल) निर्धारित किए हैं। उन्होंने बताया कि इस नीति के अंतर्गत निजी क्षेत्र में औद्योगिक पार्कों के लिए कम से कम 50 एकड़ क्षेत्रफल तथा न्यूनतम 10 औद्योगिक इकाइयों की स्थापना अनिवार्य होगी। राज्य सरकार औद्योगिक पार्क के लिए सामान्य अवसंरचना विकास पर 20 प्रतिशत पूंजीगत अनुदान भी देगी। इसकी अधिकतम सीमा 100 एकड़ तक के पार्क हेतु 20 करोड़ रुपए, 100 से 250 एकड़ हेतु 30 करोड़ तथा 250 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल हेतु 40 करोड़ रुपए होगी। साथ ही, हरित विकास को बढ़ावा देने के लिए सीईटीपी पर व्यय का 50 प्रतिशत प्रतिपूर्ति (अधिकतम 12.5 करोड़ रुपए प्रति पार्क) का प्रावधान भी किया गया है। उन्होंने बताया कि पार्क के लिए अनुमोदन प्रक्रिया राज निवेश पोर्टल के माध्यम से सिंगल विंडो प्रणाली द्वारा समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से की जाएगी।

### औद्योगिक इकाई हेतु भूमि आवंटन, स्टील वैल्यू चैन को मिलेगी मजबूती

कर्नल राठौड़ ने बताया कि मैसर्स ग्रोथ इण्डस्ट्रीयल मिनरल्स प्रा. लि. को ग्राम रामल्यावार्स, तहसील नीमकाथाना में औद्योगिक प्रयोजन के लिए 53 हैक्टेयर की भूमि राजस्थान औद्योगिक क्षेत्र आवंटन नियम, 1959 के प्रावधानों के अंतर्गत आवंटित करने का निर्णय लिया गया है। कम्पनी द्वारा करीब 500 करोड़ रुपए के निवेश से इस जमीन पर आधुनिक तकनीक आधारित बेनिफिकेशन एवं पेलेट प्लांट की स्थापना कर लगभग 565 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। साथ ही, इससे प्रदेश में स्टील वैल्यू चैन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह निर्णय आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अहम साबित होगा तथा प्रदेश के राजस्व में भी वृद्धि होगी।

### राजस्थान मंडपम एवं अन्य प्रोजेक्ट्स के संशोधित प्रस्ताव का अनुमोदन, 10 करोड़ की आय संभावित

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने बताया कि राज्य मंत्रिमण्डल की 23 अगस्त 2025 को आयोजित बैठक में टोंक रोड, बी2 बाईपास, जयपुर स्थित रीको की भूमि पर 3 हजार 55 करोड़ रुपये की लागत से राजस्थान मंडपम, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर एवं अन्य विकास कार्यों के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई थी। इस प्रस्ताव के अंतर्गत 635 करोड़ रुपए की राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जानी थी। मंत्रिमण्डल की बैठक में आज संशोधित वित्तीय मॉडल का अनुमोदन किया गया। जिसके अंतर्गत परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 5 हजार 815 करोड़ रुपए तथा अनुमानित राजस्व प्राप्ति 5 हजार 825 करोड़ रुपये है। इस संशोधित मॉडल में लगभग 10 करोड़ रुपए की शुद्ध आय भी संभावित है। इसमें अब राज्य सरकार पर पूर्व में अनुमानित 635 करोड़ का वित्तीय दायित्व भी नहीं रहेगा। परियोजना पूर्णतः स्व-वित्तपोषित मॉडल पर क्रियान्वित की जाएगी। उन्होंने कहा कि यहां ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर की स्थापना से युवाओं को रोजगार के अवसर भी सुनिश्चित होंगे।

### दि राजस्थान आयुर्वेद, योग एण्ड नेचुरोपैथी यूनिवर्सिटी, अजमेर विधेयक, 2026 के प्रारूप का अनुमोदन

डॉ. बैरवा ने बताया कि प्रदेश में भारतीय चिकित्सा पद्धति की अत्याधुनिक चिकित्सकीय सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए दि राजस्थान आयुर्वेद, योग एण्ड नेचुरोपैथी यूनिवर्सिटी, अजमेर विधेयक, 2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इससे केन्द्र सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं राज्य सरकार की आयुष नीति के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में प्रभावी कार्य किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि एक और आयुर्वेद विश्वविद्यालय की स्थापना से आयुर्वेद, योग व नेचुरोपैथी, यूनानी, होम्योपैथी आदि के क्षेत्र में शिक्षण, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, प्रदेश के आयुष क्षेत्र में मेडिकल टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में केवल जोधपुर में ही आयुर्वेद विश्वविद्यालय संचालित है।

### वरिष्ठ ग्राम विकास अधिकारी के पद का सृजन

श्री पटेल ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारियों की वर्षो पुरानी मांग की व्यवहारिकता एवं प्रशासनिक दृष्टि से वरिष्ठ ग्राम विकास अधिकारी का नवीन पद सृजन करने तथा ग्राम विकास अधिकारियों के 750 पदों को वरिष्ठ ग्राम विकास अधिकारी के पद पर क्रमोन्नत किए जाने का निर्णय किया गया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम विकास अधिकारी का ग्रेड पे 2400 एवं पे लेवल एल-6 है। वरिष्ठ ग्राम विकास अधिकारी के नवीन पद सृजन से उन्हें 3600 पे ग्रेड एवं लेवल-10 पर शीघ्र पदोन्नति के अवसर मिल सकेंगे।

---

सड़क हादसे ने खोला तस्करी का राज

## गुलाबपुरा में दुर्घटनाग्रस्त अल्टो कार से 45 किलो डोडा चूरा बरामद

स्मार्ट हलचल| गुलाबपुरा (भीलवाड़ा)

जिले में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के बीच एक अनोखा मामला सामने आया है। गुलाबपुरा से हुरड़ा मार्ग पर हुई दो वाहनों की भिड़ंत के बाद जब पुलिस ने क्षतिग्रस्त अल्टो कार की तलाशी ली, तो उसमें से भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ बरामद हुआ।

### क्या है पूरा मामला?

जानकारी के अनुसार, 24 फरवरी 2026 को पुलिस को सूचना मिली कि गुलाबपुरा-हुरड़ा रास्ते पर एक बोलेरो और अल्टो कार के बीच जोरदार भिड़ंत हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने बोलेरो चालक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन अल्टो कार का चालक मौके से गायब मिला। क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से थाने लाया गया।

थाने के बाहर जब अल्टो कार की गहनता से तलाशी ली गई, तो पुलिस टीम दंग रह गई। कार की डिक्की और पिछली सीट के नीचे विशेष रूप से छिपाए गए तीन प्लास्टिक के कट्टे बरामद हुए। जब इन्हें खोलकर देखा गया तो उनमें 44 किलो 900 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा भरा हुआ था।

जिला पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार गठित टीम ने मादक पदार्थ और वाहन को जब्त कर लिया है। पुलिस ने अज्ञात तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 और बीएनएस की धाराओं (281, 125) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अब कार के नंबरों के आधार पर तस्करों के नेटवर्क को खंगाल रही है।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी संजय कुमार (पु.नि.), गोवर्धनलाल (उ.नि.), हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, कांस्टेबल संजय कुमार, बिषनसिंह और रूपाराम की मुख्य भूमिका रही।

## केंद्र/राज्य बजट के विरोध में भारतीय मजदूर संघ ने रेली निकाल किया उग्र प्रदर्शन, पीएम-सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल|पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** भारतीय मजदूर संघ (भा.म.स) के प्रदेश व केंद्र कार्यसमिति के निर्णयानुसार भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष रजनी शक्तावत एवं जिला मंत्री हरीश कुमार सुवालका के नेतृत्व में मुखर्जी पार्क से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर उग्र प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया।

जिला मंत्री हरीश कुमार सुवालका ने आरोप लगाया कि केंद्र व राज्य सरकार ने मानदेय कर्मियों, संविदा कर्मियों, ठेका कार्मिकों और अन्य मजदूर वर्ग की मांगों की अनदेखी की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2018 के बाद मानदेय में एक रुपये की भी वृद्धि नहीं की, जिसे दोगुना किया जाना चाहिए।



ज्ञापन में चार लेबर कोड में से दो में संशोधन हेतु दिए गए सुझावों पर अमल करने, ईपीएस-95 के तहत न्यूनतम पेंशन 8,500 रुपये करने, ईपीएस में अनिवार्य अंशदान हेतु वेतन सीमा 30,000 रुपये तथा ईसीआईएस की वेतन सीमा 42,000 रुपये करने की मांग की गई। साथ ही बोनस भुगतान अधिनियम 1965 के तहत गणना की वेतन सीमा 7,000 रुपये और पात्रता सीमा 21,000 रुपये प्रतिमाह करने की मांग उठाई गई। स्कीम वर्कर्स व ठेका कार्मिकों को स्थायी करने की मांग भी प्रमुख रही।

राज्य सरकार से संबंधित मांगों में मानदेय कर्मियों का मानदेय बढ़ाने, केंद्र व राज्य अंश का भुगतान प्रत्येक माह 1 से 5 तारीख के बीच सुनिश्चित करने, पूर्व बजट में घोषित स्कीम वर्कर्स को सेवा निवृत्ति पर 3 लाख रुपये ग्रेच्युटी लागू करने, विद्युत एवं अन्य विभागों में कार्यरत ठेका कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 21,000 रुपये प्रतिमाह निर्धारित करने तथा जॉब, वेतन और सामाजिक सुरक्षा देने की मांग शामिल रही।

इसके अलावा रोडवेज कर्मचारियों का वेतन व पेंशन समय पर देने, नई बसों की खरीद, विद्युत विभाग में निजीकरण पर रोक, असंगठित क्षेत्र के लिए कल्याण बोर्डों का गठन, ब्लॉक स्तर पर श्रम अधिकारियों की नियुक्ति, राजस्थान में न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने तथा भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण मंडल की योजनाओं को पुनः लागू करने की मांग की गई। प्रदेश विधिक सलाहकार प्रभाष चौधरी ने भी प्रदर्शन को संबोधित किया। इस दौरान आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ, आशा सहयोगिनी कर्मचारी संघ, ग्राम साथीन संघ, विद्युत विभाग, ठेका कार्मिक, जलदाय विभाग एवं निर्माण संघ से जुड़े पदाधिकारी व सैकड़ों की संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। संघ ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन के निर्देशानुसार आंदोलन तेज किया जाएगा।

## डामटी-धाकड़ खेड़ी मार्ग की पुलिया जर्जर, जान हथेली पर रखकर गुजर रहे ग्रामीण

**आवागमन ठप, स्कूली बच्चों और मरीजों को भारी परेशानी; कई हादसों के बाद भी प्रशासन बेखबर**



स्मार्ट हलचल| लाडपुरा

क्षेत्र के डामटी से धाकड़ खेड़ी मार्ग पर स्थित मुख्य पुलिया लंबे समय से क्षतिग्रस्त है, जिसके कारण ग्रामीणों में प्रशासन के खिलाफ भारी रोष पनप रहा है। पुलिया की जर्जर स्थिति के चलते इस मार्ग पर बड़े वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। मजबूरी में ग्रामीण और दुपहिया वाहन चालक जान जोखिम में डालकर इस टूटी पुलिया से गुजरने को विवश हैं।

### हर दिन रहता है हादसे का डर:

ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि आए दिन यहां छोटे-मोटे हादसे होते रहते हैं, जिससे लोगों में डर का माहौल है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों और गंभीर बीमार मरीजों को अस्पताल ले जाते समय होती है। आपात स्थिति में एंबुलेंस का भी इस मार्ग से निकलना मुश्किल हो गया है।

### प्रशासन से नई पुलिया की मांग:

क्षेत्रवासियों ने कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत या नई पुलिया का निर्माण नहीं कराया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## पोक्सो मामले में आरोपी को 20 साल कठोर कारावास और अर्थदंड

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

15 वर्षीय नाबालिग को बहला फुसलाकर दोस्ती।करने के बाद उसका अपहरण कर जोधपुर में होटल में दुष्कर्म करने के मामले में दुष्कर्मी को।पोक्सो कोर्ट ने 20 साल कठोर कारावास और 65 हजार रु जुर्माने की सजा सुनाई । विशिष्ट लोक अभियोजक धर्मवीर सिंह कानावत ने बताया की प्रार्थी ने 11 नवंबर 2024 को मामला



दर्ज करवाते हुए बताया की उसकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री को मोहम्मद जाहिद उर्फ मोहसिन बहका फुसलाकर अपहरण कर ले गया परिजनों ने काफी तलाश की लेकिन नाबालिग नही मिली जिस पर थाने में मामला दर्ज करवाया पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की ओर नाबालिग को जोधपुर से दस्तयाब किया पीड़िता ने पुलिस को बताया की आरोपी ने बहला फुसलाकर पहले उससे दोस्ती की फिर उसे अपने साथ जाने को कहा जब नाबालिग ने मना किया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी और वह उसे जोधपुर ले गया और वहां होटल में।उसके साथ दुष्कर्म किया । पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ पोक्सो कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की । आरोपी के खिलाफ विशिष्ट लोक अभियोजक कानावत ने 26 दस्तावेज और 18 गवाह पेश किए जिस पर विशिष्ट न्यायाधीश बालकृष्ण मिश्र ने आरोपी को 20 साल कठोर कारावास और 65 हजार रु अर्थदंड की सजा सुनाई।

बजरी माफिया पर तगड़ा प्रहार

## बनास नदी में अल सुबह डीएसटी की दबिश, 7 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**रेण गांव के पास अंधेरे का फायदा उठाकर चल रहा था अवैध खनन, एसपी धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई से माफिया में मचा हड़कंप**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले में अवैध बजरी खनन के खिलाफ पुलिस ने बुधवार अल सुबह एक बड़ी और सख्त कार्रवाई को अंजाम दिया है। सवाईपुर क्षेत्र के रेण गांव के पास बनास नदी में जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) ने अचानक दबिश देकर अवैध बजरी खनन और परिवहन में लिप्त सात ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को मौके से जब्त कर लिया। इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से बजरी माफिया में भारी हड़कंप मच गया है।

अंधेरे में चल रहा था 'काला खेल': सूत्रों के अनुसार, माफिया अंधेरे का फायदा उठाकर बनास नदी का सीना छलनी कर रहे थे। डीएसटी टीम ने सटीक सूचना पर अचानक छापा मारा। पुलिस की यह कार्रवाई इतनी तेज थी कि बजरी निकालकर परिवहन की तैयारी कर रहे माफिया को संभलने और भागने का मौका ही नहीं मिला।

बड़लियास पुलिस को सौंपे वाहनः डीएसटी ने तुरंत बड़लियास थाना पुलिस को सूचना दी और जब्त किए गए सभी सातों वाहनों को उनके सुपुर्द कर दिया। बड़लियास थाना पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को कब्जे में लेकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## न्यायालय के आदेश के बाद ग्राम पंचायत मंशा का प्रभार बदला

स्मार्ट हलचल



**आकोला।** पंचायत समिति कोटड़ी के अंतर्गत ग्राम पंचायत मंशा में एक बार फिर प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। विकास अधिकारी पंचायत समिति कोटड़ी के अनुसार पूर्व सरपंच खानी देवी से ग्राम पंचायत मंशा का प्रभार लेकर पुनः दिनेश कुमार बैरवा को प्रशासक के रूप में कार्यभार सौंपने के निर्देश जारी किए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर में दर्ज स्पेशल अपील में पारित स्थगन आदेश की पालना में यह निर्णय लिया गया है। विभागीय आदेश को प्रत्याहृत करते हुए प्रशासनिक समिति सदस्य (निर्वतमान उपसरपंच) दिनेश कुमार बैरवा को ग्राम पंचायत मंशा का कार्यभार सौंपने के आदेश प्राप्त हुए हैं। विकास अधिकारी रामबिलास मीणा द्वारा जारी पत्र में संबंधित अधिकारियों को आदेश की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

होली से पहले भीलवाड़ा में खाद्य विभाग टीम ने सख्त की कार्यवाही

## आसीन्द में 200 किलो दूषित मावा करवाया मौके पर नष्ट

**जिले में कही भी खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका होने पर नियंत्रण कक्ष में देवे सूचना-सीएमएचओ डॉ. शर्मा**

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

भीलवाड़ा जिले में होली के त्योहारी सीजन को देखते हुए आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार को सघन जांच अभियान चलाया। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई के दौरान दो स्थानों से मावे के नमूने लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला अजमेर भिजवाए गए, वहीं करीब 200 किलोग्राम बदबूदार एवं दूषित मावा मौके पर ही नष्ट करवाया गया।

### जिले में दो प्रतिष्ठानों पर टीम की कार्रवाई-

अभियान के तहत मैसर्स बालाजी डेयरी प्रोडक्ट, डोटा, आसीन्द से मावे का नमूना लिया गया। जांच के दौरान लगभग 200 किलोग्राम बदबूदार व दूषित मावा पाए जाने पर आमजन के स्वास्थ्य



की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए टीम ने उसे मौके पर ही नष्ट करवाया।

इसी प्रकार मैसर्स बालाजी डेयरी, नारायणपुरा, आसीन्द से मीठे मावे का नमूना लेकर प्रयोगशाला जांच के लिए अजमेर भेजा गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिले में खाद्य पदार्थों की नियमित जांच की जा रही है। त्योहारी सीजन में आमजन के स्वास्थ्य से किसी प्रकार का खिलवाड़ न हो, इसके लिए विभाग सतर्कता बरत रहा है। सभी लिए गए नमूनों को प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु भेजा गया है तथा रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक यादव, प्रशिक्षु खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजवीर सिंह चारण, अंकित शर्मा, डॉ. गोवर्धन लाल कुम्हार उपस्थित रहे।

### आमजन से अपील-

सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने आमजन से अपील की है कि खाद्य सामग्री खरीदते समय उसकी गुणवत्ता, पैकेजिंग तथा निर्माण एवं समाप्ति तिथि की अवश्य जांच करें। किसी भी प्रकार की मिलावट की आशंका होने पर तुरंत विभाग को सूचित करें। जिले में खाद्य पदार्थो में मिलावट की शिकायत हेतु कार्यालय के दूरभाष नंबर 01482-232643 पर सूचना दी जा सकती है।

एनडीपीएस एक्ट में दो आरोपियों को सजा

## 4-4 साल कठोर कारावास और 40- 40 हजार रु अर्थदंड से दंडित





स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

एनडीपीएस कोर्ट के विशिष्ट न्यायाधीश जगदीश प्रसाद ने दो आरोपियों को 4- 4 साल कठोर कारावास और 40- 40 हजार रु अर्थदंड से दंडित किया है । मामला है 9 अगस्त 2018 का जब बनेड़ा थाने के थाना प्रभारी हरीश सांखला टीम के साथ गश्त पर निकले थे और नाकाबंदी लगाई इस दौरान एक एसयूवी कार को रोकने का प्रयास किया तो चालक ने रोकने के बजाय कार को भगा कर ले गया टीम ने पीछा किया तो वह कच्चे रास्ते पर कार को छोड़कर फरार हो गया । पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमे 48 किलो 100 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा बरामद किया । जांच के दौरान पता चला की उक्त वाहन रामकिशोर निवासी राजोद नागौर के नाम पर दर्ज है और आरोपी ने अपना वाहन रामलाल लुहार को दिया था जिस पर दोनो को गिरफ्तार करने के बाद एनडीपीएस कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की । ट्रायल के दौरान विशिष्ट लोक अभियोजक रामस्वरूप गुर्जर ने आरोप सिद्ध करने के लिए 10 गवाह और 87 दस्तावेज पेश किए । आरोप सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपियों को 4- 4 साल कठोर कारावास और 40-40 हजार रु अर्थ दंड से दंडित किया।

# जिला बहाली की मांग को लेकर 28 फरवरी को शाहपुरा स्वैच्छिक बंद का आह्वान, 9वां स्मरण पत्र सौंपने की तैयारी

## व्यापार, किसान संगठनों, विभिन्न गांवों के प्रतिनिधियों और सामाजिक संस्थाओं को बंद में समर्थन देने की अपील

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** शाहपुरा में जिला संघर्ष समिति द्वारा जिला बहाली की मांग को लेकर चल रहा जनआंदोलन एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। जिला संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा के नेतृत्व में 28 फरवरी को स्वैच्छिक बंद का आह्वान किया गया है तथा इस दिन प्रशासन को 9वां स्मरण पत्र सौंपा जाएगा। संघर्ष समिति के महासचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि व्यापार मंडल, किसान संगठनों, विभिन्न गांवों के प्रतिनिधियों और सामाजिक संस्थाओं ने बंद को समर्थन देने की बात कही है।आंदोलन से जुड़े लोगों का कहना है कि आश्वासन के बावजूद जिले की बहाली नहीं होने से जनता में गहरा असंतोष है, इसलिए अब सामूहिक रूप से आवाज बुलंद की जाएगी।

### 152 दिन चला उपखंड कार्यालय के बाहर क्रमिक अनशन

इस आंदोलन का सबसे लंबा और ऐतिहासिक चरण वह रहा जब उपखंड कार्यालय के बाहर लगातार 152 दिनों तक क्रमिक अनशन चला।

इस दौरान अलग-अलग गांवों के ग्रामीण, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, युवा और महिलाएं बारी-बारी से अनशन में शामिल हुए। आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा, लेकिन इसमें जनभागीदारी उल्लेखनीय रही। प्रतिदिन धरना स्थल पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचते रहे और अपनी एकजुटता का प्रदर्शन करते रहे। यह अनशन क्षेत्र की जनता के धैर्य और संघर्ष का प्रतीक बन गया।

### अब तक 8 स्मरण पत्र सौंपे, 28 को दिया जाएगा 9वां ज्ञापन

संघर्ष समिति अध्यक्ष के अनुसार आंदोलन के दौरान प्रशासन को अब तक कुल 8 स्मरण पत्र सौंपे जा चुके हैं। प्रत्येक स्मरण पत्र में लंबित मांगों के समाधान के लिए समयबद्ध कार्यवाही की मांग की गई। संघर्ष समिति का कहना है कि ज्ञापन और स्मरण पत्र देने के बावजूद ठोस कार्यवाही नहीं हुई। अब 28 फरवरी को 9वां स्मरण पत्र सौंपकर जिले के मांग को लेकर शाहपुरा स्वैच्छिक बंद रखा जाएगा।

### 'मुख्यमंत्री के आश्वासन पर स्थगित हुआ था आंदोलन '

152 दिन तक चले क्रमिक अनशन के बाद जब मामला उच्च स्तर तक पहुंचा, तब मुख्यमंत्री स्तर से सकारात्मक आश्वासन मिलने की बात कही गई। आंदोलनकारियों ने विश्वास जताते हुए आंदोलन को स्थगित कर दिया था, इस उम्मीद के साथ कि शीघ्र समाधान होगा। लेकिन समय बीतने के बाद भी जमीनी स्तर पर अपेक्षित परिणाम नहीं दिखे, जिससे जनता में फिर से नाराजगी बढ़ी है।

### 'फूलडोल महोत्सव में लगेगी जिला बहाली, विकास और संघर्ष की विशेष प्रदर्शनी '


संघर्ष समिति के महासचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि प्रसिद्ध फूलडोल महोत्सव के दौरान एक अस्थायी स्टॉल लगाकर विशेष प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। इस प्रदर्शनी में विस्तार से बताया जाएगा कि शाहपुरा भौगोलिक और आर्थिक दृष्टि से जिला बनने योग्य है। नक्शों, आंकड़ों और दस्तावेजों के माध्यम से यह दर्शाया जाएगा कि प्रशासनिक दृष्टि से शाहपुरा की स्थिति सुदृढ़ है तथा यहां जिला मुख्यालय बनने के सभी मानक उपलब्ध हैं। प्रदर्शनी में यह भी समझाया जाएगा कि जिला बनने से आमजन को प्रशासनिक कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, स्थानीय स्तर पर सरकारी कार्यालय स्थापित होंगे, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, व्यापार और उद्योग को गति मिलेगी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को नई दिशा मिलेगी। साथ ही संघर्ष समिति द्वारा किए गए 152 दिन के क्रमिक अनशन, 8 स्मरण पत्रों, विभिन्न चरणों में हुए आंदोलनों और जनसमर्थन की झलकियां फोटो, दस्तावेजों और विवरण के माध्यम से प्रदर्शित की जाएंगी। उद्देश्य यह है कि आमजन को पूरे संघर्ष की जानकारी मिले और जिला बहाली की मांग के समर्थन में व्यापक जनमत तैयार हो सके।

### 'फिर तेज हुआ जनआंदोलन, 28 फरवरी पर टिकी सबकी नजर '

अब 28 फरवरी को प्रस्तावित स्वैच्छिक बंद और 9वें स्मरण पत्र के जरिए आंदोलन को नई दिशा देने की तैयारी है। संघर्ष समिति का कहना है कि उनका उद्देश्य टकराव नहीं, बल्कि जनहित की मांगों का समाधान है। यदि इस बार भी ठोस निर्णय नहीं हुआ तो आगे की रणनीति और अधिक व्यापक हो सकती है। पूरे क्षेत्र की निगाहें अब 28 फरवरी पर टिकी हैं, जब जनता एक बार फिर अपनी एकजुटता और संघर्ष की ताकत दिखाएगी।

# राष्ट्रीय राजमार्ग की लाइट बंद व सर्विस रोड क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों में रोष

स्मार्ट हलचल



**लाडपुरा।** कोटा-चित्तौड़गढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-27 पर स्थित लाडपुरा चौराहे पर लाइट का थांबा लगाया गया है, लेकिन अभी तक लाइट चालू नहीं की गई है, जिससे रात में अंधेरा छाया रहता है। जिससे ग्रामीणों में रोष है। जबकि वाहन चालक को इन दिनों गंभीर संकट से गुजर रहा है। लाइट खुदाई का कार्य शुरू 20 जून 2025 को चालू किया गया था। जिसको आठ महीने से अधिक होने के बावजूद लाइट को चालू नहीं की गई। खुदाई के बाद मिट्टी को डिवाइडर से भी नहीं हटाई गई है। ग्रामीणों में लाइट बंद होने से काफी रोष है। सड़क मार्ग पर जमा गड्ढे, उड़ती धूल-मिट्टी ने वाहन चालकों की सेहत को बुरी तरह प्रभावित करना शुरू कर दिया है। वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चौकी से देवनारायण मंदिर के बीच का एक किलोमीटर सर्विस रोड़ हिस्सा क्षतिग्रस्त है, जिससे रोजाना गुजरने वाले वाहन चालकों और पदयात्रियों की जान जोखिम में है। टोल अधिकारी की लापरवाही से क्षेत्रवासी आक्रोशित हैं। ग्रामीणों ने बताया कि नवरात्र में धार्मिक यात्राओं का समय होने से इस मार्ग पर पदयात्रियों की संख्या भी बढ़ने को है, जिससे हादसे की आशंका और अधिक बढ़ जाने वाली है। जिससे ग्रामीण आक्रोशित हो गए हैं। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ, तो किसी बड़े हादसे के लिए टोल अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

# प्रशासक रिंकू वैष्णव को हाई कोर्ट से बड़ी राहत, पदमुक्ति आदेश पर रोक

## प्रशासक रिंकू वैष्णव को हाई कोर्ट से बड़ी राहत, पदमुक्ति आदेश पर रोक

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** फुलिया कलां उपखंड की धनोप ग्राम पंचायत की प्रशासक पद से हटाई गई पूर्व प्रशासक व भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रिंकू वैष्णव को राजस्थान हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। उच्च न्यायालय की जस्टिस कुलदीप माथुर की एकलपीठ ने राज्य सरकार द्वारा जारी पदमुक्ति आदेश पर स्थगन (स्टे) आदेश जारी कर दिया है।


प्रकरण के अनुसार राज्य सरकार ने 11 फरवरी को रिंकू वैष्णव को पद के दुरुपयोग व फर्जी पट्टा प्रकरण के आरोपों के आधार पर पद से मुक्त करने के आदेश जारी किए थे। इसके बाद अतिरिक्त आयुक्त एवं शासन उप सचिव (द्वितीय) त्रिलोचन मीणा ने जिला कलेक्टर को पत्र भेजकर रिंकू वैष्णव के स्थान पर निर्वतमान उपसरपंच को प्रशासनिक कार्यभार सौंपने के निर्देश दिए थे।

पद से हटाए जाने के आदेश के खिलाफ रिंकू वैष्णव ने हाई कोर्ट की शरण ली। लगभग 14 दिनों तक चली कानूनी प्रक्रिया के बाद 24 फरवरी को न्यायालय ने राज्य सरकार के आदेश पर रोक लगाते हुए उन्हें अंतरिम राहत प्रदान की।

हाई कोर्ट के इस आदेश के बाद धनोप ग्राम पंचायत की प्रशासनिक व्यवस्था में फिर बदलाव की संभावना बन गई है। क्षेत्र की राजनीतिक गलियों में इस फैसले को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# नालियों के अभाव में सड़क बनी गंदे पानी का तालाब, नाली व सड़क निर्माण की मांग

स्मार्ट हलचल



**मंगरोप।** निकटवर्ती क्षेत्र के रेणवास गांव में मूलभूत सुविधाओं की कमी से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।गांव के वार्ड नंबर 8 में नालियों का निर्माण नहीं होने के कारण घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर जमा रहता है,जिससे सड़कें कीचड़ और बदबू का केंद्र बन गई हैं।ग्रामीणों का कहना है कि गंदा पानी जमा रहने से आवागमन बाधित होता है,बच्चों व बुजुर्गों को विशेष कठिनाई झेलनी पड़ती है,कई बार बुजुर्ग एवं बच्चे कीचड़ में गिर चुके है वहीं मच्छरों के पनपने से बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।बारिश के दिनों में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है,जब सड़क पूरी तरह जलभराव में बदल जाती है।इस समस्या को लेकर प्रकाश व्यास, भेरूलाल व्यास, नंदराम व्यास, रतनलाल व्यास, लक्ष्मण व्यास, किशनलाल व्यास, जगदीश चंद्र व्यास और बालमुकुंद व्यास सहित अन्य ग्रामीणों ने एकजुट होकर प्रशासन से नालियों के शीघ्र निर्माण और क्षतिग्रस्त सड़क के पक्के निर्माण की मांग की है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# बिजौलिया में पैंथर का 'डेथ अटैक', मोगरवासा मार्ग पर मिला क्षत-विक्षत शव

## इलाके में पहली बार जंगली जानवर ने किया इंसान का शिकार; ग्रामीणों में भारी आक्रोश और दहशत





स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा/बिजौलिया

जिले के बिजौलिया क्षेत्र के कास्या ग्राम के पास बुधवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मोगरवासा-देवीनिवास मार्ग पर तिराहे के पास एक 35 वर्षीय युवक का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक के शरीर पर मिले निशानों और पगमार्गों से यह आशंका जताई जा रही है कि किसी जंगली जानवर (संभवतः पैंथर) ने उसे अपना शिकार बनाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, धर्मराज के स्टॉक के पास सड़क किनारे एक व्यक्ति का लहूलुहान शव मिलने की सूचना पर थाना अधिकारी स्वागत पाण्ड्या पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान ईश्वर (35) पुत्र भीमा ओड, निवासी बहादुर जी का खेड़ा के रूप में हुई है। शव मुख्य रास्ते से करीब 30 फीट अंदर झाड़ियों की तरफ मिला, जिससे यह संकेत मिलता है कि जानवर ने हमला कर उसे खींचने की कोशिश की थी।

### गर्दन पर दांतों के गहरे निशान

प्रारंभिक जांच में मृतक की गर्दन पर जंगली जानवर के दांतों के गहरे घाव पाए गए हैं। घटनास्थल के आसपास मिट्टी पर जंगली जानवर के बड़े 'पगमार्क' (पदचिह्न) मिले हैं। बिजौलिया क्षेत्र में इस तरह जंगली जानवर द्वारा इंसान के शिकार की यह पहली घटना बताई जा रही है, जिसने सुरक्षा व्यवस्था और वन विभाग की मुस्तैदी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों को सूचित किया गया। मौके पर वन विभाग की टीम को बुलाकर पदचिह्नों का मुआयना करवाया गया है। साथ ही, साक्ष्य जुटाने के लिए स्नस्रु (विधि विज्ञान प्रयोगशाला) और फोरेंसिक टीम को भी तलब किया गया है। पुलिस ने फिलहाल पूरे क्षेत्र को घेरे में लेकर सुरक्षित कर लिया है।

### अकेले रह गए दो मासूम बच्चे

मृतक ईश्वर के पीछे उसका एक पुत्र और एक पुत्री हैं। पिता की अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में पिछले कई दिनों से पैंथर की आवाजाही देखी जा रही थी, लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि वह इतना हिंसक हो जाएगा।

प्रशासन की अपील: पुलिस और वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने, समूह में चलने और रात के समय खेतों की ओर अकेले न जाने की सख्त हिदायत दी है। आधिकारिक पुष्टि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही की जाएगी।

# सिंगोली चारभुजा मंदिर का दान पात्र खुला



स्मार्ट हलचल

**आकोला।** क्षेत्र के प्रसिद्ध आस्था केंद्र सिंगोली चारभुजा मंदिर में दान पात्र खोले जाने पर बड़ी राशि सामने आई है। मंदिर प्रशासन द्वारा दो दिनों तक चली गिनती के बाद कुल 24 लाख 92 हजार 340 रुपए की राशि प्राप्त हुई। इस दौरान निरीक्षक भोजराज अग्रवाल, लिपिक बंशीधर, रामप्रसाद सेवागिर, प्रबंधक अर्जुन सिंह, देवस्थान विभाग अजमेर के प्रशासक राकेश कुमार आर्य सहित राजेंद्र सिंह पुरावत, दिनेश स्वर्णकार, सुरेंद्र कुमार पाराशर, सुरक्षा गार्ड शंकर सिंह, शंकर नाथ, कन्हैया लाल, मुरली पाराशर और पुजारी सहित अन्य मौजूद रहे।

सिंगोली चारभुजा मंदिर क्षेत्र में श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है, जहां हर माह सैकड़ों भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं। विशेष रूप से अमावस्या के दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल यात्रा कर मंदिर पहुंचते हैं। मंदिर परिसर में भोजन, ठहरने और पानी की उत्तम व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं।

# दिनदहाड़े सरस पार्लर कर्मचारी का अपहरण, बेरहमी से मारपीट कर 20 हजार रुपये लूटे

स्मार्ट हलचल|पुनित चपलोत



**भीलवाड़ा।** शहर के सुभाषनगर थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। बुधवार को बैंक में कैश जमा कराने जा रहे एक सरस पार्लर कर्मचारी का दिनदहाड़े अपहरण कर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई और 20 हजार रुपये की नकदी लूट ली गई। बदमाश युवक को नेहरू उद्यान के पास गंभीर हालत में फेंककर फरार हो गए।

### बैंक के सामने से किया अपहरण

करमडास निवासी हरिराम गुर्जर पुत्र रामकिशन गुर्जर, जो सत्यम कॉम्प्लेक्स स्थित सत्यम सरस पार्लर में कर्मचारी है, ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि वह पार्लर का कैश जमा कराने राजस्थान ग्रामीण बैंक जा रहा था। इसी दौरान बैंक के सामने महेंद्र मीणा अपने तीन से चार साथियों के साथ पहुंचा और उसे डरा-धमकाकर जबरन एक गाड़ी पर बैठा कर ले गए।

आरोपी उसे सुनसान स्थान पर ले गए, जहां लकड़ी के डंडों से उसके दोनों हाथों पर ताबड़तोड़ वार किए गए।

### धारदार हथियार से हमला, नकदी छीनी

पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने उसके सिर और नाक पर भी धारदार हथियार से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई। मारपीट के दौरान उसकी जेब में रखे 20 हजार रुपये भी लूट लिए गए। वारदात के बाद बदमाश उसे जान से मारने की धमकी देते हुए नेहरू उद्यान के बाहर फेंककर फरार हो गए।

### पहले भी कर चुके हैं मारपीट

हरिराम ने बताया कि आरोपी महेंद्र मीणा और उसके साथी पूर्व में भी उसके साथ मारपीट कर चुके हैं। आरोपी अक्सर रात के समय नशे की हालत में पार्लर पर पहुंचकर उसे धमकाते थे। इस संबंध में पहले भी थाने में शिकायत दी गई थी, लेकिन आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से उनके हौसले और बढ़ गए।

फिलहाल घायल का जिला अस्पताल में इलाज जारी है वही पुलिस ने घायल की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अपहरणकर्ताओं की तलाश शुरू कर दी है।

# बनेड़ा में प्रतिबंधित प्लास्टिक पर कार्यवाही



स्मार्ट हलचल|बनेड़ा

नगर पालिका द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक,एवम् गंदगी फैलाने वालों सडक पर अतिक्रमण फैलाने के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया है

उपखण्ड अधिकारी एवं नगर पालिका प्रशासक श्रीकांत व्यास के नेतृत्व में अधिशाषी अधिकारी प्रकाश चन्द्र तेली कनिष्ठ अभियंता राजमल गुर्जर कनिष्ठ सहायक किशन लाल खटीक मय पुलिस जाब्ते के साथ पुराना बस स्टैंड तथा पथवारी चोराहा क्षेत्र में स्थित दुकानों से उक्त अभियान के अंतर्गत 5 किलो प्लास्टिक थैलियां जप्त कर 200 रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही गंदगी फैलाने वालों के चालान बना कर के रूपये जुर्माना वसूला गया। लगाकर आमजन को गीले और सूखे कचरे के बारे में समझाया गया व कचरे को हमेशा कचरा पात्र/कचरा गाड़ी में ही डालने के प्रति प्रेरित किया गया। साथ ही रोड पर सामान रख कर अतिक्रमण फैलाने वालों को अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई। नगरपालिका प्रशासन की अतिक्रमियो के खिलाफ शुरू किए अभियान से अतिक्रमियो मे खलबली मच गई।

# देलवाड़ा ब्रिज पर चलते ट्रेलर के पीछे घुसा दूसरा ट्रेलर, चालक गंभीर घायल

स्मार्ट हलचल| ब्यावर



शहर के देलवाड़ा ब्रिज स्थित नेशनल हाईवे पर बुधवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। सड़क पर चल रहे एक ट्रेलर के पीछे अचानक अनियंत्रित होकर दूसरा ट्रेलर जा घुसा। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक ट्रेलर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे में सुरसुरा निवासी गणेश गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद वह ट्रेलर के केबिन में फंस गया, जिसे बाहर निकालने के लिए मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया।

इसी दौरान 108 एंबुलेंस एक ट्रक के पीछे-पीछे उसी मार्ग से आ रही थी। एंबुलेंस चालक प्यारचंद और नर्सिंग कर्मी कालूराम ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल वाहन रोककर घायल को केबिन से बाहर निकलवाने में सहयोग किया और प्राथमिक उपचार दिया। इसके बाद घायल को 108 एंबुलेंस की सहायता से उपचार के लिए अमृतकौर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद कुछ समय तक बाईपास मार्ग पर यातायात बाधित रहा, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। बाद में दो क्रेनों की सहायता से दोनों क्षतिग्रस्त ट्रेलरों को सड़क से साइड में हटवाया गया, जिसके बाद यातायात सुचारू कराया गया। पुलिस द्वारा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# बागौर थाना पुलिस ने अफीम की अवैध खेती का किया खुलासा, 2635 पौधे जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

जिला पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह आईपीएस के आदेशानुसार अवैध डोडा चूरा के परिवहन और लोकल स्पेशल एक्ट के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भीलवाड़ा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सहाड़ा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री बुद्धराज के निर्देशन और मांडल के वृत्ताधिकारी श्री राहुल जोशी के सुपरविजन में बागौर थानाधिकारी उपनिरीक्षक श्री भंवरलाल के नेतृत्व में गठित एक विशेष टीम ने अफीम की अवैध खेती करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई

घटना का संक्षिप्त विवरण देते हुए पुलिस ने बताया कि दिनांक 24 फरवरी 2026 को शाम 5:10 बजे मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम दादीया से भांकलिया की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर सरहद दादीया में बद्रीलाल जाट निवासी दादीया, थाना बागौर का एक खेत है, जिसमें बद्रीलाल जाट ने अफीम के पौधों की अवैध खेती कर रखी है।

सूचना मिलते ही थानाधिकारी श्री भंवरलाल उपनिरीक्षक मय जाब्ता के साथ ग्राम सरहद दादीया स्थित बद्रीलाल जाट के खेत पर पहुंचे। वहां खेत में एक व्यक्ति खड़ा दिखाई दिया, जिससे पूछताछ करने पर उसने अपना नाम बद्रीलाल पिता हीरालाल जाट, उम्र 38 साल, निवासी दादीया, थाना बागौर, जिला भीलवाड़ा बताया। बद्रीलाल जाट के खेत की तलाशी ली गई, तो खेत में जौ और मेथी की फसल के साथ एक कोने में अफीम के कुल 2635 छोटे-बड़े पौधे पाए गए। पुलिस ने इन सभी पौधों को तत्काल जब्त कर लिया।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने इस संबंध में प्रकरण संख्या 29/2026, धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। अफीम की अवैध खेती करने के आरोप में बद्रीलाल जाट को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की खेती करने वालों में हड़कंप मच गया है।

# छात्राओं ने किया मनोविकास केंद्र का निरीक्षण



स्मार्ट हलचल|बनेड़ा

उपखण्ड मुख्यालय स्थित राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में तथा राज्य महिला नीति के तहत छात्राओं को सोना मनोविकास केंद्र, भीलवाड़ा में भ्रमण करवाया गया।

प्राचार्य प्रो. (डॉ.) कन्हैयालाल मीणा द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । इस अवसर पर प्राचार्य मीणा ने बताया कि यह यात्रा छात्राओं के लिए सामाजिक समरसता समझने और उसे अपनाने के लिए अत्यंत लाभप्रद रहेगी। सोना मनोविकास केंद्र पहुंचकर छात्राओं ने मानसिक रूप से विमंदित विद्यार्थियों को जीवन में आने वाली विभिन्न कठिनाइयों से साक्षात् किया । महिला प्रकोष्ठ प्रभारी ज्योति रानी रिठोदिया ने संस्थान के अध्यक्ष प्रेम चंद जैन का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इस प्रकार के भ्रमण से छात्राएं समाज के विभिन्न वर्गों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण का विकास कर सकेंगी। सह प्रभारी मीनाक्षी शर्मा ने छात्राओं को इस हेतु प्रेरित किया कि मानसिक विमंदता कोई अभिशाप नहीं है अतः इन हम सभी इन विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण रखते हुए उनके सामाजिक समरसता हेतु सहयोग करें । संस्थान के संस्थापक भैरुलाल मीणा ने विद्यालय में होने वाली विभिन्न गतिविधियों से परिचित करवाया । उक्त भ्रमण में महाविद्यालय अनेक छात्राएं उपस्थित रहीं।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हिंदुस्तान जिंक रामपुरा आगुचा में सखी उत्सव का आयोजन

# महिलाएं अपने हुनर को पहचान कर आत्म विश्वास से स्वयं को सशक्त और स्थापित करें: शिल्पा भादविया

## 1800 से अधिक 'सखियों' ने हर्षोल्लास से की भागीदारी, जीतने वाली महिलाओं को किये पुरस्कार वितरित

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** महिलाओं को संगठित कर उन्हें सशक्त करने और आत्मनिर्भर बनाने की हिन्दुस्तान जिंक की पहल सराहनीय है, महिलाएं अपने हुनर को पहचान कर आत्मविश्वास से स्वयं को सशक्त और स्थापित करें, यह बात पुलिस उपअधीक्षक शिल्पा भादविया ने हिन्दुस्तान ज़िंक रामपुरा आगुचा एवं मंजरी फाउंडेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित सखी उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि जो महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त और स्वतंत्र होती है वो घरेलू हिंसा का शिकार नही होती है। उन्होंने महिलाओं से आव्हान किया कि वे अन्य महिलाओं को भी इस हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में महिलाएं हर क्षेत्र में आगे है, बालिकाओं को अच्छी शिक्षा देना अनिवार्य है जिससे वह सही गलत की सही पहचान कर आगे बढ़ सके। कार्यक्रम में प्रशासक हुरडा कृष्ण सिंह राठौड ने कहा कि हिन्दुस्तान जिंक की सखी परियोजना से हज़ारों की संख्या में सशक्त होकर आर्थिक विकास में अपना योगदान दे रही है वे अपने परिवार की आवश्यकाताओं को पूरा करने में सहयोग दे रही है जो कि क्रांतिकारी बदलाव है। यह इस बात का उदाहरण है कि महिलाओं को अवसर दिया जाए तो वह क्या नहीं कर सकती है। कार्यक्रम में रामपुरा आगुचा आईबीयू सीईओ राम मुरारी ने हिंदुस्तान जिंक द्वारा संचालित सखी परियोजना की जानकारी देते हुए कहा कि कंपनी महिला सशक्तिकरण हेतु सदैव कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज देश में किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है सभी महिलाओं को प्रेरणा लेते हुए परिवार, समाज और देश के उत्थान के लिये आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तान जिंक में महिला कर्मचारी किसी भी तरह के कार्य में पिछे नही है, रामपुरा आगुचा माइंस में देश की दूसरी महिला रेस्क्यू टीम तैनात है और सभी कार्यो में महिलाएं पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिला कर कार्य कर रही है। सुबह से आयोजित सखी उत्सव में मटकी फोड, चम्मच रेस, रस्सा कस्सी, कबड्डी और चम्मच रेस के खेल में गजब का संतुलन, फिर भजन कीर्तन और राजस्थानी गानो पर नृत्य, महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था। बढ़ते तापमान के बावजुद उत्साह में कोई कमी नही थी। कार्यक्रम का आयोजन सी.एस.आर कार्यक्रम के अन्तर्गत हुरडा के माली ग्राउण्ड परिसर में किया गया, जिसमें 1800 से अधिक 'सखी' ग्रामीण महिलाओं, महिला कर्मचारियों एवं जिंक परिवार की सदस्यों ने बड चढ़कर परिवार, समाज और देश को सशक्त करने का प्रण लिया। आयोजन में जहां ग्रामीण महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले तथा जीतने वाली महिलाओं को पुरस्कार वितरीत किये गये। सखी उत्सव में सखी फेडरेशन की अध्यक्ष ने परियोजना के वर्ष भर की गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में सीडीपीओ चैना मेघवाल, प्रशासक बडला आशा देवी, प्रशासक हुरडा सायरी देवी, रामपुरा आगुचा माइन के कॉमर्शियल हेड अमित अजीज, फाइनेंस हेड मनीष बंसल, सीएसओ अजय शर्मा, हेड सीएसआर भुवनेश शर्मा उपस्थित थे। समूह की महिलाओं द्वारा लोक नृत्य तथा गीतों की लोकलुभावन प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में साथ ही सीएसआर के अन्तर्गत हिन्दुस्तान जिंक़ द्वारा संचालित की जा रही परियोजनाओं सखी, समाधान परियोजना, ज़िंक कौशल एवं शिक्षा संबंल एवं माइक्रोएन्टरप्राइजेज के कार्यो और गतिविधियों की जानकारी स्टॉल के माध्यम से दी गयी। हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा 5 जिलों उदयपुर, राजसमंद, भीलवाड़ा, अजमेंर, चित्तौडगढ़ एवं उत्तराखण्ड के पंतनगर में सखी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। रामपुरा आगुचा क्षेत्र में हिन्दुस्तान जिंक की 300 सखी समूहों से जुड़कर 3500 से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो रही है। कार्यक्रम का संयोजन हिन्दुस्तान ज़िंक सीएसआर विभाग एवं मंजरी फाउण्डेषन ने किया। हिन्दुस्तान जिंक द्वारा सखी और सूक्ष्म उद्यम कार्यक्रमों के माध्यम से, हिंदुस्तान जिंक आर्थिक सशक्तिकरण, उद्यमिता और कौशल निर्माण सहित समावेशी विकास का एक पारिस्थितिकी तंत्र निर्मित कर रहा है। सखी उत्पादन समिति के अंतर्गत सूक्ष्म उद्यमों ने 14 उत्पादन इकाइयों और 208 स्टोर स्थापित किए हैं। खाद्य पदार्थ के दाइची और वस्त्र के उपाया ब्रांड के माध्यम से ग्रामीण बाजारों के साथ मजबूत संबंध स्थापित हुए हैं। लैंगिक समानता, सभ्य कार्य, आर्थिक विकास और असमानताओं को कम करने पर संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप, इस पहल ने 184 से अधिक गाँवों में 203 ग्राम संगठन 2,1607 स्वयं सहायता समूहों की 25,488 से अधिक महिलाओं को सशक्त बनाया है।

# पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक रंगों से सजा मनाया फागोत्सव



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** सवाईपुर कस्बे के चारभुजा कॉलोनी में बुधवार को महिला मंडल की ओर से पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक रंगों से सजा फागोत्सव मनाया गया । फागोत्सव में महिलाओं ने राज-स्थानी परंपरा के अनुरूप सजी-धजी वेशभूषा में फूलों व गुलाल की होली खेलकर फागोत्सव की शुरुआत की । फूलों की पंखुड़ियों से खेली गई होली ने वातावरण को सुगंध और सौहार्द से भर दिया । इस दौरान लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली । महिलाओं ने सामूहिक रूप से लोक गीतों और फाग के पारंपरिक गीतों का गायन किया, इसके साथ ही डीजे के मधुर धुनों पर महिलाएं खूब थिरकती नजर आई । ढोलक और मंजीरों की थाप के साथ गाए गए गीतों ने होली के रस और भक्ति भाव को और प्रगाढ़ कर दिया । इस दौरान राधा-कृष्ण की मनोहारी वेशभूषा धारण कर विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं । राधा-कृष्ण के स्वरूप में नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया । उनके नृत्य में भक्ति, प्रेम और आनंद का सुंदर समन्वय देखने को मिला, जिसे महिलाओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा । इस दौरान टीना जैन, प्रियंका जैन, सुनीता पारीक, रेखा जैन, भावना जैन, राखी जैन, रुक्मा तेली, मंजू तेली, शारदा पारीक, अर्चना पारीक, सुनीता धोबी, पूजा राव, मोना राव, चंदा तेली, दिलखुश टेलर, टीना बोहरा, नेहा सुराणा, प्रियंका सुराणा आदि कई मौजूद लिया।

# 11 लाख की अफीम के साथ नीमच का तस्कर गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | गुलाबपुरा (भीलवाड़ा)

जिला पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में भीलवाड़ा पुलिस का 'नशा मुक्ति अभियान' लगातार सफलता के झंडे गाड़ रहा है। इसी कड़ी में गुलाबपुरा थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार तस्कर को दबोचकर उसके कब्जे से 2 किलो 160 ग्राम अवैध अफीम बरामद की है। जब्त अफीम की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 11 लाख रुपये आंकी जा रही है।

### नाकाबंदी देख घबराया तस्कर, तलाशी में खुला राज

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शाहपुरा) राजेश आर्य और डीएसपी (गुलाबपुरा) जितेंद्र सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी संजय कुमार ने पुलिस चौकी 29 मील के बाहर विशेष नाकाबंदी की थी। इसी दौरान मध्य प्रदेश नंबर की एक होण्डा एसपी125 बाइक को संदिग्ध मानकर रोका गया। बाइक चालक पुलिस को देखकर घबराने लगा, जब उसकी और बाइक की गहनता से तलाशी ली गई, तो एक प्लास्टिक की थैली में छिपाई गई 2 किलो 160 ग्राम शुद्ध अफीम बरामद हुई।

### नीमच का रहने वाला है आरोपी

पुलिस ने मादक पदार्थ और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जब्त कर आरोपी कैलाश गुर्जर (44) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मूलतः पलासिया, हाल गोविंदपुरा (थाना मनासा, जिला नीमच, मध्य प्रदेश) का निवासी है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है कि यह खेप कहाँ से लाई गई थी और भीलवाड़ा में किसे सप्लाई की जानी थी।

### इस टीम को मिली कामयाबी

कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में थानाधिकारी संजय कुमार (पु.नि.) के साथ कांस्टेबल सुभाष चन्द्र, अभेष कुमार, भगवानसिंह और रविन्द्र कुमार शामिल रहे।

# सहाड़ा में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्यवाही, ठेला व्यवसायों में मचा हड़कंप



स्मार्ट हलचल | गंगापुर

सहाड़ा में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्यवाही के दौरान ठेला व्यवसायों में हड़कंप मचा। कार्रवाई के दौरान प्लास्टिक थैलियां कि जब्त।

पंचायत समिति सहाड़ा के कनिष्ठ सहायक भावेश सैनी ने बताया कि

केन्द्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के मद्देनजर सहाड़ा पंचायत समिति मुख्यालय में प्लास्टिक थैलियों के खिलाफ अभियान चलाया गया। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने व्यापारियों को प्लास्टिक के स्थान पर कपडे की थैलियों का उपयोग करने की सलाह दी। अभियान के दौरान दुकानों से प्लास्टिक की थैलियां जप्त की गई। अभियान के दौरान विकास अधिकारी गजेन्द्र सिंह शक्तावत, खण्ड समन्वयक शिवराज खटीक ने किराणा व्यापारियों एवं अन्य दुकानों से 9 किलोग्राम प्लास्टिक जब्त की व दुकानदारों के चालान भी बनाए गए। अधिकारीयों ने चेतावनी देते हुए कहा कि प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# श्री बजरंग गोपाल गौशाला में 33 केवी लाइन से बड़ा खतरा, 350 से अधिक गौवंश की जान जोखिम में

स्मार्ट हलचल | मोड़ का निंबाहेड़ा



आसींद क्षेत्र के ब्राह्मणों की सरैरी स्थित श्री बजरंग गोपाल गौशाला में से होकर गुजर रही हाईटेंशन 33 केवी विद्युत लाइन के जर्जर पोल गौवंश के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। गौशाला प्रबंधन के अनुसार कई पोल टूटे हुए हैं और आए दिन शॉर्ट सर्किट की घटनाओं से आगजनी की स्थिति बन रही है।

गौशाला में वर्तमान में 350 से अधिक गौवंश आश्रय लिए हुए हैं, जिनकी सुरक्षा को लेकर संचालकों ने गहरी चिंता जताई है। प्रबंधन का कहना है कि प्रशासन, विद्युत विभाग और जनप्रतिनिधियों को कई बार लिखित व मौखिक रूप से अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। गौशाला समिति के सदस्यों ने बताया कि बिजली विभाग के कर्मचारियों को अनेक बार सूचना देने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। उनका आरोप है कि विभाग किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है। स्थानीय लोगों ने भी मांग की है कि टूटे हुए पोल तुरंत बदले जाएं, हाईटेंशन लाइन को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए या आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए जाएं, ताकि गौवंश और गौशाला परिसर को संभावित हादसे से बचाया जा सके। गौशाला प्रबंधन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने पर मजबूर होंगे।

# परिवहन विभाग की कार्रवाई के विरोध में दूसरे दिन भी चक्का जाम: भीलवाड़ा में 1800 प्राइवेट बसें-टैक्सियां बंद

### प्राइवेट बस स्टैंड से कलेक्ट्रेट तक निकाली विरोध रैली

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** परिवहन विभाग की कार्रवाई के विरोध में प्रदेश भर में दूसरे दिन भी प्राइवेट बसों और टैक्सियों की हड़ताल जारी रही। भीलवाड़ा जिले में करीब 1800 प्राइवेट बसें और टैक्सियां सड़कों पर नहीं उतरीं, जिससे यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

हड़ताल के तहत बुधवार को प्राइवेट बस संचालक प्राइवेट बस स्टैंड पर एकत्र हुए। यहां से बस ऑपरेटर एसोसिएशन, मोटर बॉडी एसोसिएशन, निजी बस एसोसिएशन वेलफेयर सोसायटी, भीलवाड़ा जिला स्लीपर कोच एसोसिएशन और टैक्सी एसोसिएशन सहित विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने संयुक्त रूप से रैली निकाली। रैली सूचना केंद्र और रेलवे स्टेशन मार्ग से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। बस ऑपरेटर एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता जगदीश चंद्र ओझा ने बताया कि मुख्यमंत्री के नाम नौ सूत्रीय ज्ञापन एडीएम सिटी प्रतिभा देवठिया को सौंपा गया। ज्ञापन में आरसी सस्पेंड नहीं करने, गलत चालान नहीं बनाने, पुरानी बसों पर ओवरलोडिंग या सेफ्टी नियमों के उल्लंघन में धारा 153 नहीं लगाने, सवारियों से भरी बसों को रास्ते में खाली नहीं कराने तथा बसों और टैक्सियों में लगेज कैरियर पुनः लगाने की अनुमति देने जैसी मांगें शामिल हैं।

इस दौरान विशाल सुखवाल, देवीलाल जांगिड़, कलीम काजी, मनोज पारीक, राजेंद्र मोगरा, नगर निगम के निवर्तमान नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक, पीसीसी मेंबर मनोज पालीवाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। हड़ताल जारी रहने से आमजन और यात्रियों को वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ा।

# पांच हजार .. दस हजार.. बीस हजार नहीं.. पूरे अस्सी हजार से अधिक सफ़ल आपरेशन

## वरिष्ठ नैत्र चिकित्सक डॉ सुरेश भदादा को लार्जर देन लाइफ कार्यो के लिए भेंट किया गया – 'लाईफ टाईम एचीवमेंट अवार्ड – समाज सेवा रत्न सम्मान





स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा के वरिष्ठ नैत्र चिकित्सक डॉ सुरेश भदादा को उनके द्वारा नैत्र चिकित्सा के क्षैत्र में किये गये लार्जर देन लाइफ कार्यों के लिए 'लाईफ टाईम एचीवमेंट अवार्ड - समाज सेवा रत्न सम्मान ' अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब भीलवाड़ा द्वारा क्लब के राष्ट्रीय महासचिव अनिता डॉ अशोक सोडाणी की अध्यक्षता एवं राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुमन सुरेश सोनी एवं वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षिका साधना झंवर भदादा के मुख्य आतिथ्य में राम स्नेही चिकित्सालय में 25 फरवरी बुधवार को आयोजित एक सादे समारोह में भेंट किया गया।

डॉ सुरेश भदादा ने वर्ष 1988 में डाक्टरी पढ़ाई पूर्ण कर भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल सहित विभिन्न सरकारी चिकित्सालयों में फरवरी 2010 तक अपनी सेवाएं दी , तत्पश्चात पिछले 16 वर्षो से लगातार अपनी सेवाएं वरिष्ठ नैत्र रोग चिकित्सक के रूप में भीलवाड़ा के प्रतिष्ठित रामस्नेही चिकित्सालय में दे रहे हैं। अब तक 38 वर्ष के चिकित्सीय कार्यकाल में उनके द्वारा किए गए सेवा कार्यो में प्रमुखतः 80 हजार से अधिक आंखों के आपरेशन, 79 नैत्र प्रत्यारोपण, 70 से अधिक लैसिक सर्जरी तथा इसके साथ ही 700 से अधिक निशुल्क आई कैम्प में वे अपनी सेवाएं दे चुके है। उनकी इन सभी उल्लेखनीय चिकित्सीय सेवाओं हेतु अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब द्वारा जिला पदाधिकारियों डॉ चेतना जागेटिया, एडवोकेट नीलम दरगड़, प्रधानाचार्य डॉ भागचन्द सोमानी, इन्दिरा सोमानी, जगदीश चन्द्र मून्दड़ा, रामचन्द्र मून्दड़ा, मुकेश जागेटिया के विशिष्ठ आतिथ्य में ' समाज सेवा रत्न सम्मान - 2026' भेंट किया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब के राष्ट्रीय महासचिव अनिता डॉ अशोक सोडाणी ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए सम्बोधन में कहा कि क्लब की भारत में विभिन्न 132 जिला शाखाओं द्वारा अपने अपने जिलों में नियमित रूप से ऐसे व्यक्तियों / संस्थाओं को सम्मानित किया जाता है, जिन्होंने समाज, धर्म , राष्ट्र व मानवीय सेवाओं के क्षैत्र में अपना कोई विशिष्ट योगदान दिया हो। इसी क्रम में भीलवाड़ा के डॉ. सुरेश भदादा को उनके द्वारा मानल सेवा कार्यो हेतु सम्मानित किया गया है ! डॉ सुरेश भदादा का नाम 80 हजार से अधिक आपरेशन हेतु शिघ्र ही लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज किया जाने वाला है।

डॉ सुरेश भदादा ने अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि चिकित्सा कार्य करना मेरा पेशा और कर्तव्य है लेकिन अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब जैसी प्रतिष्ठित संस्था अगर मानव सेवा कार्य हेतु चयनित करके सम्मानित करती है तो और अधिक लग्न से अच्छे कार्य करते रहने की प्रेरणा मिलती है। लाईफ टाईम एचीवमेंट अवार्ड प्राप्त करने पर उन्होंने अपनी इन उपलब्धियों का श्रेय माता पिता के आशीर्वाद, धर्म पत्नी साधना झंवर भदादा, पुत्र सार्थक भदादा एवं परिवार जनों और चिकित्सा स्टाफ के सहयोगियों को दिया।

कार्यक्रम में क्लब के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ चेतना जागेटिया के आंखों की सुरक्षा के विषय में पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हुए डॉ भदादा ने बताया कि वर्ष 2047 तक भारत की आधी आबादी के चश्मा लग जाएगा। उन्होंने बताया कि कोरोना के बाद मोबाइल गेजेट्स का अत्यधिक उपयोग बढ़ा है और छोटे बच्चों के चश्मों में बहुत अधिक दर से बढ़ोत्तरी हुई है ! कार्यक्रम में शामिल चिकित्सा स्टाफ विकास बंसल, सत्यनारायण खाती, भावना काटे, निधी दाधिच, अक्षत जोशी, राघव पारीक, ममता खटीक, संगीता जीनगर, पिंकी पाराशर एवं अन्य स्टाफ ने डॉ सुरेश भदादा के नेतृत्व में किये गये कार्यों के प्रति प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके सम्मान को स्वयं का सम्मान माना। कार्यक्रम के अन्त में सभी का आभार क्लब के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुमन सोनी ने किया।

# उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की गरिमामयी उपस्थिति में यूपीयूएमएस सैफई का स्थापना दिवस सम्पन्न

स्मार्ट हलचल

**उत्तर प्रदेश।** आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई द्वारा 25 फरवरी 2026 को विश्वविद्यालय सभागार में 'स्थापना दिवस 2026' का गरिमामय एवं भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री ब्रजेश पाठक रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने की। इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष, डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान,लखनऊ के निदेशक डॉ. सी0एम सिंह तथा इटावा सदर की विधायक श्रीमती सरिता भदौरिया, जिला अध्यक्ष अन्नू गुप्ता विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारम्भ गणमान्य अतिथियों के मंचासीन होने के साथ हुआ। अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत राष्ट्रगीत, दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं जलार्पण समारोह सम्पन्न हुआ।

अपने उद्बोधन में कुलपति प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों, आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार तथा ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु किए जा रहे प्रयासों का विस्तृत उल्लेख किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की भावी योजनाओं एवं उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर प्रगति की प्रतिबद्धता दोहराई।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राध्यापकों, चिकित्सकों एवं कर्मियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. सी. एम. सिंह को सम्मानित किया गया तथा उन्होंने स्थापना दिवस व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए चिकित्सा शिक्षा के वर्तमान परिदृश्य, नवाचारों एवं भावी चुनौतियों पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने राज्य में चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता एवं आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए सरकार की नीतियों और प्रयासों की जानकारी दी।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक ने विश्वविद्यालय द्वारा चिकित्सा शिक्षा, ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं एवं ट्रॉमा प्रबंधन को सुदृढ़ करने हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने यूपीयूएमएस के समग्र विकास हेतु प्रदेश सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय में एमबीबीएस, पीजी एवं अन्य संचालित पाठ्यक्रमों में सीटों की संख्या बढ़ाए जाने की घोषणा की।

उन्होंने लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के निकट 250 शैय्या वाले अत्याधुनिक ट्रॉमा सेंटर की स्थापना पर विशेष बल देते हुए कहा कि यह केंद्र पूर्ण रूप से यूपीयूएमएस सैफई के अधीन संचालित होगा, जिससे प्रदेश के विभिन्न जनपदों के मरीजों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण आपात चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने ट्रॉमा सेंटर जाकर भी मरीज का हाल जाना और वहां जाकर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं निरीक्षण भी किया।

# बीकानेर जिले के रंजीतपुरा की बेटी के साथ दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या

## प्रशासन की चुप्पी पर फूटा सेन समाज का गुस्सा-टोंक जिला सेन समाज ने प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### चार दिन से वज्जू थाना पर धरना-फिर भी आरोपी फरार

स्मार्ट हलचल

**टोंक।** बीकानेर जिले के वज्जू थाना क्षेत्र अंतर्गत रंजीतपुरा गांव में 13 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की हृदयविदारक घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। आठवीं कक्षा की छात्रा बीते दिनों 21 फरवरी को परीक्षा देने घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। बाद में उसका शव रोही क्षेत्र में अर्धनग्न अवस्था में मिला। घटना के चार दिन बीत जाने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होना पुलिस-प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। सेन समाज उत्थान समिति टोंक ने प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर के जरिए ज्ञापन भेजते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



### चार दिन से धरना-फिर भी कार्रवाई शून्य

सेन समाज के टोंक जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश सेन के नेतृत्व में समाज के लोगों ने मंगलवार को टोंक शहर में घंटाघर होते हुए कलेक्ट्रेट तक विशाल रैली निकाली गई और मीटिंग के बाद जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। हालांकि इस दौरान कलेक्ट परिसर में कोतवाली थाने का पुलिस जाप्ता तैनात रहा। उसके पश्चात सेन समाज ने प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर टोंक को हत्यारों की गिरफ्तारी के साथ ही सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग का ज्ञापन सौंपा और बताया कि राज्यभर में लोग लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं।

सेन समाज का कहना है कि : अब तक मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। पुलिस ने ठोस प्रगति रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की। पीड़ित परिवार को समुचित सुरक्षा व आश्वासन नहीं दिया गया। समाज का आरोप है कि यदि यही तत्परता किसी प्रभावशाली परिवार के मामले में दिखाई जाती, तो अब तक गिरफ्तारी हो चुकी होती।

### सेन समाज की पांच प्रमुख मांगें

ज्ञापन में प्रशासन के सामने स्पष्ट और कड़े शब्दों में पांच मांगें रखी गई हैं 1. सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी। 2. फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर दोषियों को फांसी की सजा। 3. पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी व डेयरी बूथ आवंटन। 4. मुख्यमंत्री राहत कोष से 1 करोड़ रूपये का मुआवजा तत्काल जारी किया जाए। 5. भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकने के लिए पुलिस व्यवस्था को सख्त और जवाबदेह बनाया जाए।

### प्रशासन की जवाबदेही तय हो

इतनी गंभीर घटना के बाद भी अगर चार दिन में गिरफ्तारी नहीं होती, तो यह केवल लापरवाही नहीं बल्कि कानून-व्यवस्था की विफलता मानी जाएगी। सवाल उठता है –क्या पुलिस के पास पर्याप्त सुराग नहीं हैं? क्या जांच में ढिलाई बरती जा रही है? आखिर किसके दबाव में कार्रवाई रुकी हुई है? यदि समय रहते आरोपियों को नहीं पकड़ा गया, तो यह संदेश जाएगा कि बेटियों की सुरक्षा केवल भाषणों तक सीमित है।

### प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

सेन समाज ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि मांगें शीघ्र नहीं मानी गईं तो पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिलों में धरना-प्रदर्शन और सड़क जाम की रणनीति बनाई जा रही है।

समाज का कहना है– 'जब तक बेटी को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन थमेगा नहीं। '

अब देखना यह है कि प्रशासन कब जागेगा? बेटी के साथ हुई दरिंदगी ने इंसानियत को शर्मसार किया है। अगर अब भी सख्त और त्वरित कार्रवाई नहीं हुई, तो यह केवल एक परिवार का नहीं बल्कि पूरे समाज के विश्वास का हनन होगा।

# माण्डकलां में डेढ़ करोड़ की लागत से बनेगा कीर मेहरा समाज का भव्य मंदिर



स्मार्ट हलचल

**टोंक/नगरफोर्ट।** राजस्थान के सुप्रसिद्ध पर्यटक स्थल मिनी पुष्कर एवं मांडव ऋषि की तपोभूमि के रूप में विख्यात, टोंक जिले के पवित्र सरोवर स्थित नगरफोर्ट के माण्डकलां में कीर-कहार केवट कश्यप मेहरा स्वजातीय समाज का भव्य मंदिर लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से निर्मित किया जा रहा है।

समिति के संयोजक किशन लाल कहार ने बताया कि जन-जन की आस्था के प्रतीक एवं प्राचीन काल में धारा नगरी के नाम से प्रसिद्ध माण्डकलां के पवित्र सरोवर तट पर स्थित श्रीहरि सदगुरू कालू बाबा मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। मंदिर की दूसरी मंजिल की छत का लेवल पूर्ण हो चुका है तथा शीघ्र ही दूसरी मंजिल की छत डाली जाएगी। इसके साथ ही मंदिर के भव्य शिखर का निर्माण भी कराया जाएगा। मंदिर निर्माण हेतु स्थानीय एवं आसपास के गांवों सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों के समाज बंधुओं से चंदा एवं सहयोग प्राप्त हो रहा है। साथ ही माण्डकलां नगरफोर्ट में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन से होने वाली बचत राशि भी इस पुनीत कार्य में लगाई जा रही है। माण्डकलां नगरफोर्ट के पवित्र सरोवर पर आने वाले श्रद्धालु निर्माणाधीन मंदिर की भव्यता को निहारते हुए समाज की एकजुटता और आस्था की सराहना कर रहे हैं।

# 'हर घर बिजली, हर घर उद्योग हमारी प्राथमिकता' - विधायक राजेंद्र मीणा

## विधायक राजेंद्र मीणा ने ऊर्जा क्षमता विस्तार, नए जीएसएस और खाद्य सुरक्षा पर विधानसभा में उठाई अहम मांगें

स्मार्ट हलचल

**महुवा।** महुवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजेंद्र मीणा ने विधानसभा में मंगलवार को ऊर्जा एवं खाद्य विभाग की मांग संख्या पर बोलते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को विकसित बनाने की दिशा में ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि 'हर घर बिजली' और 'हर घर उद्योग' को शक्ति उपलब्ध करवाना राजस्थान की सरकार की पहली प्राथमिकता है।

### ऊर्जा क्षेत्र में ऐतिहासिक विस्तार:

विधायक राजेंद्र मीणा ने बताया कि राज्य में सौर ऊर्जा क्षमता में 19,209 मेगावाट की वृद्धि हुई है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 518 मेगावाट क्षमता के 1 लाख 30 हजार से अधिक रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित



किए जा चुके हैं। बिजली ढांचे को मजबूत करने के लिए राज्य में–

400 केवी के 02 जीएसएस, 220 केवी के 05 जीएसएस, 132 केवी के 45 जीएसएस, 33/11 केवी के 379 सब स्टेशन स्थापित किए गए हैं।

### प्राइवेट लाइनमैन की मनमानी पर उठाई आवाज:

विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि निजी ठेकेदारों द्वारा लगाए गए लाइनमैन मनमानी करते हैं। पुरानी जर्जर लाइनों को तुरंत बदला जाना चाहिए। उन्होंने वीसीआर की समय सीमा 30 दिन से बढ़ाकर 60 दिन करने की मांग भी रखी। महवा-मंडावर नगर पालिका क्षेत्र में 33 केवी एवं 11 केवी लाइनों को सुरक्षा की दृष्टि से अंडरग्राउंड करने की आवश्यकता बताई। ग्राम पंचायत पावटा में 33 केवी जीएसएस का कार्य एक वर्ष से रुका होने पर उसे शीघ्र शुरू कराने की मांग की।

### विधायक राजेंद्र मीणा ने महवा विधानसभा की प्रमुख मांगें जो विधानसभा में उठाई:

महवा कस्बे में बढ़ती आबादी को देखते हुए एक और 33/11 केवी जीएसएस स्वीकृत किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों मोहनपुर, बहड़खो और बैजूपाड़ा में नए जीएसएस स्थापित हों। महवा एवं मंडावर नगरपालिका क्षेत्र में स्न' के लिए अतिरिक्त वाहन व स्टाफ स्वीकृत हो। पुरानी विद्युत लाइनों को शीघ्र बदला जाए।

विधायक राजेंद्र मीणा ने बताया कि अब तक क्षेत्र में 6 नए 33/11 केवी जीएसएस स्वीकृत हुए हैं, जिनमें से 4 चालू हो चुके हैं। वर्ष 2026-27 के बजट में 2 जीएसएस के लिए भूमि आवंटित हो चुकी है। मनोहरपुर 220 केवी जीएसएस का कार्य प्रगति पर है। विधायक राजेंद्र मीणा ने राजस्थान की सरकार की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में किसानों को अब दिन में बिजली मिल रही है, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिली है।

### इंटर डिस्कॉम तबादला नीति लागू करने की मांग:

विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि जयपुर डिस्कॉम, जोधपुर डिस्कॉम एवं अजमेर डिस्कॉम के गठन को 26 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अब तक इंटर डिस्कॉम तबादला नीति लागू नहीं की गई। इसे जल्द प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए।

### खाद्य सुरक्षा पर भी रखा पक्ष:

खाद्य विभाग की मांग संख्या पर बोलते हुए विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि पिछले बजट में 500 अन्नपूर्णा भंडार खोलने का प्रावधान किया गया था। 26 जनवरी 2025 से शुरू किए गए खाद्य सुरक्षा पोर्टल के माध्यम से 73 लाख से अधिक नए पात्र लोगों को योजना से जोड़ा गया है। महवा विधानसभा क्षेत्र में करीब 31,102 पात्र लोगों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ा गया है। विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि 'कोई भूखा ना रहे, कोई भूखा नहीं सोए' और राज्य सरकार इस दिशा में प्रभावी कार्य कर रही है। विधायक ने राशन डीलरों का नाम बदलकर 'राशन मित्र' करने तथा डीलरों का अटैचमेंट नजदीकी डीलर से करने की मांग रखी। साथ ही राशन डीलरों को गुजरात के पैटर्न पर निश्चित मानदेय है उपलब्ध कराने की मांग की।

# बकाया लेनदेन को लेकर ट्रक ड्राइवर और मैकेनिक के बीच चले लात-घूंसे, हाईवे पर लगा लंबा जाम



स्मार्ट हलचल

अजमेर/ जयपुर हाईवे पर नयागांव-नसीराबाद पुलिया के पास आज मामूली पैसों को लेकर हुआ विवाद अचानक बढ़ गया और मारपीट में बदल गया। एक ट्रक चालक और ऑयल-ग्रीस का काम करने वाले मैकेनिक के बीच बकाया रकम को लेकर शुरू हुई बहस देखते ही देखते हाथापाई तक पहुंच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों के बीच कहासुनी बढ़ने पर धक्का-मुक्की और लात-घूंसे चलने लगे। हंगामा बढ़ता देख आसपास के लोग और राहगीर मौके पर जुट गए। गुस्से में ट्रक चालक ने वाहन हाईवे के बीचों-बीच खड़ा कर दिया, जिससे यातायात बाधित हो गया।

ट्रक सड़क पर खड़े होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। तेज गर्मी में वाहन चालकों और यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर मदनगंज थाना पुलिस के एएसआई जगदेव कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सबसे पहले ट्रक को हटवाकर यातायात बहाल कराया, फिर दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर थाने ले जाया गया। एएसआई जगदेव कुमार के अनुसार प्रारंभिक जांच में विवाद की वजह बकाया भुगतान सामने आया है। पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच जारी है। करीब आधे घंटे बाद हाईवे पर यातायात सामान्य हो सका।

# रेलवे स्टेशन के पास फाटक सी-99ए पर 12 घंटे का विशेष ब्लॉक

### आरयूबी निर्माण को गति

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड (नागौर)।** मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन के एमटीडी बी क्षेत्र में स्थित फाटक संख्या सी-99ए पर बुधवार सुबह 10:30 बजे से रात 10:30 बजे तक 12 घंटे का विशेष ब्लॉक लिया गया। यह ब्लॉक रेलवे अंडरपास (आरयूबी) के निर्माण कार्य को सुरक्षित और तकनीकी मानकों के अनुरूप पूरा करने के उद्देश्य से लिया गया।

ट्रेनों का संचालन मुख्य स्टेशन से

ब्लॉक के दौरान ट्रेन संख्या 19720 सूरतगढ़-जयपुर पैसेंजर तथा ट्रेन संख्या 12486 जयपुर-जैसलमेर एक्सप्रेस का संचालन मेड़ता रोड बी स्टेशन के स्थान पर मुख्य स्टेशन से किया गया। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्व सूचना जारी की थी, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।



अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम पूरे समय मौके पर मौजूद रही तथा सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया गया।

अत्याधुनिक तकनीक से निर्माण

फाटक संख्या सी-99ए पर 18 मीटर म 5 मीटर के विशाल बॉक्स को हाइड्रोलिक जैक की सहायता से सटीक इंजीनियरिंग तकनीक के माध्यम से स्थापित किया गया। इस बॉक्स के ऊपर रेलवे ट्रैक बिछाकर सैकड़ों टन वजनी रेलगाड़ियों का संचालन किया जाएगा। अत्याधुनिक तकनीक से बनाए जा रहे इस अंडरपास का कार्य तेज गति से जारी है।

जाम से मिलेगी स्थायी राहत

यह फाटक लंबे समय से क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ था। फाटक बंद रहने पर वाहन चालकों को घंटों जाम का सामना करना पड़ता था। आरयूबी निर्माण के बाद सड़क यातायात निर्बाध रूप से संचालित हो सकेगा और आमजन को स्थायी राहत मिलेगी।

गुणवत्ता और सुरक्षा पर विशेष ध्यान

निर्माण कार्य नरूका कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किया जा रहा है, जिसकी निगरानी इंजीनियर पवन कुमार कर रहे हैं। कार्य के दौरान गुणवत्ता और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की तकनीकी या सुरक्षा संबंधी समस्या न आए।

विकास की दिशा में अहम कदम

रेलवे प्रशासन के अनुसार यह परियोजना क्षेत्र में आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अंडरपास के पूर्ण होने पर हजारों वाहन चालकों को जाम से मुक्ति मिलेगी और यातायात व्यवस्था अधिक सुचारु व सुरक्षित बनेगी।

मेड़ता रोड क्षेत्र में यह कार्य स्थानीय विकास और जनसुविधा की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

# ब्यावर और जवाजा के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों में पीसीसी अध्यक्ष डोटासरा ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में आज ब्यावर विधानसभा क्षेत्र के ब्यावर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा एवं जवाजा ब्लॉक अध्यक्ष धरमसिंह भाटी ने प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से आत्मीय मुलाकात की।

सैकड़ों की संख्या में आए उत्साहित कार्यकर्ताओं ने ढोल-धमाकों के साथ अपने नेताओं का स्वागत किया और कांग्रेस पार्टी के समर्थन में नारेबाजी की।

'कार्यकर्ता ही कांग्रेस की असली ताकत' – गोविंद सिंह डोटासरा

उपस्थित कार्यकर्ताओं के विशाल समूह को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस का एक-एक जमीनी कार्यकर्ता हमारी सबसे बड़ी



शक्ति है। डोटासरा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आह्वान किया कि वे जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनें और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मुखर हों।

डोटासरा ने कहा कि 'हम सबको मिलकर संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय और आमजन के हक के लिए सड़क से सदन तक लड़ाई लड़नी है। संगठन में ही शक्ति है और आने वाले समय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत से नया इतिहास रचेगी। '

इस अवसर पर ब्यावर ब्लॉक अध्यक्ष अजय शर्मा और जवाजा ब्लॉक अध्यक्ष धरमसिंह भाटी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि वे संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

एडवोकेट अजय शर्मा ने कहा कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी हमारे लिए सेवा का अवसर है। हम सबको साथ लेकर चलेंगे और ब्यावर में कांग्रेस के हाथ को और मजबूत करेंगे साथ हा बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करना हमारी प्राथमिकता होगी। पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुँचाया जाएगा। '

इस कार्यक्रम में कांग्रेस नेता और कपासन प्रभारी आशीषपाल पदावत, प्रवीण बडौला, प्रहलाद गुर्जर, मंडल अध्यक्ष, सिकन्दर काठात, रवि डंडायत, भरत काठात, बन्ना काठात, वृतंजय आर्य, डॉ. जगदीश मेघवाल, ओमप्रकाश गुर्जर, मंगल सिंह भाटी, अशोक पंवार, सतीश सोलंकी, त्रिभुवन राय शर्मा, जगदीश जांगिड, भंवरलाल जांगिड, कालूसिंह, संजय शर्मा, साहिल ,श्रीमाल, सुरेश बाकोलिया, ओमप्रकाश जोधावत, दौलत सिंह सहित ब्यावर और जवाजा क्षेत्र के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता, वार्ड पार्षद, पूर्व पंचायत समिति सदस्य एवं अग्रणी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 'आदेश सख्त, अमल ढीला': उनियारा कोर्ट के बाहर घोषित बस स्टॉप पर नहीं रूक रहीं रोडवेज बसें

## न्यायालय के निर्देशों की अनदेखी से पक्षकारों-गवाहों पर दोहरी मार-जवाबदेही तय करने की मांग तेज, आदेश कागजों तक सीमित रहेंगे या सड़क पर भी दिखाई देंगे?

स्मार्ट हलचल

**टोंक/उनियारा।** टोंक-सवाईमाधोपुर हाईवे पर स्थित उनियारा न्यायालय परिसर के बाहर बस स्टॉप को लेकर स्पष्ट प्रशासनिक आदेश होने के बावजूद कई रोडवेज बसों के नहीं रूकने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इससे बाहरी शहरों से आने वाले पक्षकारों, परिवादियों और गवाहों को अतिरिक्त दूरी तय कर कोर्ट पहुँचना पड़ रहा है। समय, धन और मानसिक दबाव–तीनों का अतिरिक्त बोझ अब न्याय पाने की प्रक्रिया को और कठिन बना रहा है।

न्यायालय का स्पष्ट निर्देश–फिर ढिलाई क्यों?

कार्यालय जिला एवं सैशन न्यायाधीश, टोंक द्वारा जारी पत्र में न्यायालय परिसर के बाहर बस रूकवाने की आवश्यकता दर्ज की गई। इसके अनुपालन में राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (टोंक आगार) ने 4 जुलाई 2024 के कार्यालय आदेश में टोंक-सवाईमाधोपुर-टोंक मार्ग की बसों के लिए नव निर्मित कोर्ट कॉम्प्लेक्स भवन के बाहर पास में प्राथमिक स्टॉप घोषित किया।

आदेश में स्पष्ट उल्लेख

अवहेलना पर अनुशासनात्मक कार्रवाई को लेकर सवाल यह उठता है कि जब आदेश 'तुरंत प्रभाव से लागू' है, तो निगरानी और पालन में कमी कहाँ है?

जमीनी सच्चाई-पेशी से पहले संघर्ष

राजस्थान रोडवेज की कई बसें कोर्ट परिसर के बाहर निर्धारित स्टॉप पर नहीं रूकतीं। ऐसे में यात्रियों को बस स्टैंड से 2-3 किमी अतिरिक्त सफर कर निजी साधन लेना पड़ता है। पक्षकारों को समय पर पेशी में देरी होने का खतरा बढ़ता है।




बुजुर्ग, महिलाएँ और दिव्यांग यात्रियों को अधिक परेशानी

उनियारा न्यायालय के स्थानीय अधिवक्ताओं का कहना है, 'न्यायालय तक आसान पहुँच सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है; आदेश के बावजूद भी रोडवेज बसें कोर्ट के बाहर बस स्टॉप पर न रूकना गंभीर लापरवाही है। '

प्रशासनिक जवाबदेही–कौन देगा जवाब?

टोंक व सवाई माधोपुर डिपो प्रबंधन न्यायालय के आदेश की पालना में क्या रोडवेज ड्राईवर-परिचालकों को आदेश की पुनः ब्रीफिंग दी गई? कितनी बार रूट निरीक्षण/स्पॉट-चेक किए गए? निगम स्तर आदेश उल्लंघन पर कितनों के खिलाफ कार्रवाई हुई? स्टॉप पर सूचना पट्ट/घोषणा की व्यवस्था क्यों नहीं? जिला प्रशासन स्तर से कोर्ट के निर्देशों की अनुपालना की मॉनिटरिंग कौन कर रहा है?क्या समन्वय बैठक आयोजित हुई?

न्यायिक प्रक्रिया पर असर

कोर्ट में समयबद्ध उपस्थिति कई मामलों में अनिवार्य होती है। न्यायालय के बाहर निर्धारित बस स्टॉप पर बसों का न रूकने से सुनवाई टलने का जोखिम, गवाहों की अनुपस्थिति, आर्थिक व मानसिक दबाव, न्यायिक प्रक्रिया में अनावश्यक देरी। यह स्थिति न्याय तक समान पहुँच की अवधारणा पर सीधा सवाल खड़ा करती है।

अपेक्षित कार्रवाई-सिर्फ आदेश नहीं, अमल भी

- संयुक्त औचक निरीक्षण (निगम + प्रशासन)
- जीपीएस आधारित रूट मॉनिटरिंग
- स्टॉप पर स्पष्ट बोर्ड व अनाउंसमेंट
- उल्लंघन पर त्वरित अनुशासनात्मक कार्रवाई
- शिकायत हेतु सक्रिय हेल्पलाइन

निष्कर्ष

एक ओर न्यायालय के स्पष्ट निर्देश, दूसरी ओर क्रियान्वयन में ढिलाई, यह विरोधाभास प्रशासनिक व्यवस्था की गंभीरता पर प्रश्नचिह्न लगा रहा है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि आदेश कागजों तक सीमित रहेंगे या सड़क पर भी दिखाई देंगे?

# ट्रक से 11840 किलो खैर की लकड़ी जब्त, दो गिरफ्तार



**चित्तौड़गढ़।** कोतवाली निम्बाहेड़ा पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक आइशर ट्रक में तस्करी की जा रही 11 टन 840 किलो खैर की गीली लकड़ी के गटटे जब्त कर हरियाणा निवासी ट्रक चालक व खलासी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार थानाधिकारी रामसुमेर मीणा के निर्देश पर एएसआई सूरज कुमार द्वारा हेड कांस्टेबल हरविन्द्र सिंह, कांस्टेबल विजय सिह, विजय, सुमित, रणजीत व गोविन्द सिंह के साथ हाईवे रोड पर नाकाबन्दी की जा रही थी। इसी दौरान नीमच की तरफ से आई एक आइशर ट्रक को रुकवाकर तलाशी ली तो उसमें 11840 किलो अवैध खैर की गिली लकड़ी मिली, जिसे ट्रक सहित जब्त कर चालक वसीम (25) पुत्र रूजदार मेव निवासी रावली थाना फिरोजपुर झिरका जिला नूह हरियाणा व खलासी हासिम (21) पुत्र हारून मेव निवासी इब्राहिम बास थाना फिरोजपुर झिरका जिला नूह हरियाणा को फोरेस्ट एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। जिनसे खैर की लकड़ी लाने व ले जाने के सम्बन्ध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

# आस्था, तकनीक और सेवा का महाकुंभ: खाटूधाम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, राजस्थान पुलिस ने बनाया सुरक्षा का अभय कवच

स्मार्ट हलचल | जयपुर





राजस्थान के सीकर जिले में स्थित विश्वविख्यात तीर्थ खाटूश्यामजी में इस वर्ष का फाल्गुनी लक्खी मेला आस्था, अनुशासन और आधुनिक प्रबंधन के एक अद्भुत संगम के रूप में उभर रहा है। 21 से 28 फरवरी तक चलने वाले इस मेले में लगभग 35 लाख श्रद्धालुओं के आगमन का अनुमान है। महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में राज-स्थान पुलिस, जिला प्रशासन और श्री श्याम मंदिर कमेटी ने आपसी समन्वय से सुरक्षा और सुविधा का ऐसा अभूतपूर्व खाका तैयार किया है, जिससे हर भक्त सुरक्षित और सुगम दर्शन कर सके। इस वर्ष की रणनीतियों में तकनीकी नवाचार और श्रद्धालुओं के प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया है।

### तैयारियों का अंतिम निरीक्षण

मुख्य मेले और फाल्गुन एकादशी की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बुधवार को सीकर एसपी प्रवीण नायक नूनावत ने पुलिस अधीक्षक सीआईडी अपराध शाखा ज्येष्ठा मैत्रेयी के साथ मेला क्षेत्र का सघन दौरा किया। उच्चाधिकारियों के इस दल ने मेला बाजार, मुख्य मंदिर परिसर और विभिन्न पार्किंग स्थलों का जायजा लेकर सुरक्षा चक्र और भीड़ प्रबंधन की रणनीतियों की सूक्ष्मता से समीक्षा की। इस निरीक्षण के दौरान पुलिस मुख्यालय के अतिरिक्त निदेशक (प्रचार) डॉ. कमलेश शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजपाल सिंह, पुलिस उपाधीक्षक आनंद राव व नियति शर्मा सहित सोशल मीडिया एक्सपर्ट्स और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने धरातल पर तैनात जाब्ते को निर्देश दिए कि मुख्य मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भारी आवक को देखते हुए सतर्कता और सेवा भाव का समन्वय बनाए रखें, ताकि व्यवस्थाएं पूरी तरह त्रुटिहीन रहें।

### कन्हैया मित्तल की अपील: अवगुण छोड़ें, गंदगी न फैलाएं

प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल ने एक भावपूर्ण वीडियो संदेश जारी कर श्याम भक्तों को मेले की मर्यादा का पाठ पढ़ाया है। उन्होंने अपनी रील के माध्यम से कहा कि सभी श्याम प्रेमियों से मेरा निवेदन है कि बाबा के मेले में आते समय अपने भीतर के किसी एक अवगुण को छोड़ने का संकल्प लेकर आएं। मेले में किसी भी प्रकार की गंदगी व फूहड़ता न फैलाएं और मर्यादित आचरण रखें। रींगस से खाटू की पदयात्रा के दौरान स्वच्छता का पूरा ध्यान रखें और रास्ते को गंदा न करें। अक्सर भक्त उत्साह में आकर इत्र की शीशियां, गुलाब और मालाएं ऊपर की ओर फेंकते हैं, जिससे पीछे जिससे व्यवस्था बिगड़ती है। मैं राजस्थान सरकार, प्रशासन और विशेष रूप से एसपी प्रवीण नायक नूनावत का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने इतनी सुंदर व्यवस्थाएं की हैं। पुलिस का सहयोग करें और अनुशासित रहें।

### हाईटेक सुरक्षा घेरा: 22 सेक्टर और 5 हजार से अधिक जवानों की तैनाती

मेले की विशालता को देखते हुए एडीजी कानून व्यवस्था श्री वी.के. सिंह ने सुरक्षा के बहुस्तरीय प्रबंध किए हैं। पूरे मेला क्षेत्र को 22 मुख्य सेक्टर और 350 सब-सेक्टर में विभाजित कर 5 हजार से अधिक पुलिस अधिकारियों व जवानों को तैनात किया गया है। चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरों व ड्रोन से पैनी नजर रखी जा रही है और केंद्रीकृत कंट्रोल रूम से प्रभारी पुलिस अधिकारी नियति शर्मा के निर्देशन में रीयल-टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है। साथ ही, श्रद्धालुओं को पल-पल की जानकारी देने के लिए मंदिर परिसर और प्रवेश द्वारों पर 44 डिजिटल एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं, जो दर्शन की प्रतीक्षा अवधि, आरती के समय और मौसम के अपडेट प्रदर्शित कर रही हैं।

### कलर-कोडेड पार्किंग और सुगम यातायात प्रबंधन

सीकर एसपी प्रवीण नायक नूनावत के नेतृत्व में इस बार यातायात व्यवस्था को बेहद सरल बनाया गया है। प्रतिदिन आने वाले 25 हजार से अधिक वाहनों के लिए चार बड़े निःशुल्क पार्किंग स्थल विकसित किए गए हैं, जिन्हें बावन बीघा (पीला), सांवलपुरा (हरा), लामिया रोड़ (नीला) और दातारामगढ़ (गुलाबी) जैसे रंगों से कोड किया गया है। श्रद्धालुओं को दूर से ही अपनी पार्किंग की दिशा का पता चल सके, इसके लिए उन पर संबंधित रंगों के बड़े बैलून (गुब्बारे) लगाए गए हैं। पार्किंग से दर्शन स्थल तक श्रद्धालुओं को लाने के लिए 25 रुपये के निर्धारित शुल्क पर 2000 ई-रिक्शा संचालित किए जा रहे हैं, जो अनावश्यक जाम को रोकने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

### पदयात्रियों के लिए समर्पित कॉरिडोर और सहायता बूथ

श्रद्धालुओं की परंपरा का सम्मान करते हुए रींगस से खाटू तक 17 किलोमीटर लंबा विशेष पैदल कॉरिडोर तैयार किया गया है, जो पूरी तरह वाहन मुक्त है। यहाँ पेयजल, प्रकाश और विश्राम की पर्याप्त सुविधाएं दी गई हैं। इसके साथ ही, मेला परिसर में 12 पुलिस सहायता बूथ स्थापित किए गए हैं जो वायरलेस और लैंडलाइन सुविधाओं से लैस हैं। यहाँ नियुक्त कार्मिक गुमशुदा व्यक्तियों, खोए हुए सामान और किसी भी आपातकालीन स्थिति में श्रद्धालुओं की त्वरित मदद कर रहे हैं। पुलिस ने सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 और मोबाइल नंबर 9667600788 भी जारी किया है।

### चार दिन में लाखों श्रद्धालुओं ने नवाया शीश

मेले के शुरुआती चार दिनों में ही आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। आंकड़ों के अनुसार, पहले तीन दिनों में कुल 4,10,316 श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन किए हैं। 75 फुट चौड़े मार्ग पर स्थापित अत्याधुनिक गणना कैमरों के माध्यम से भीड़ का सटीक आकलन किया जा रहा है। 14 कतारों वाली सुव्यवस्थित दर्शन प्रणाली के कारण लंबी लाइनों के बावजूद श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के मंदिर तक पहुँच रहे हैं। आगामी 27 फरवरी (फाल्गुन एकादशी) को मेले का मुख्य आकर्षण होगा, जब बाबा की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी।

### दिव्यांगों के लिए विशेष सारथी

राजस्थान पुलिस ने इस मेले में सुरक्षा के साथ-साथ संवेदनशीलता का भी परिचय दिया है। दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। पार्किंग स्थल से दर्शन केंद्र तक उन्हें विशेष वाहनों से लाया जा रहा है और वहाँ से पुलिसकर्मी स्वयं व्हीलचेयर के माध्यम से उन्हें सम्मानपूर्वक दर्शन करवा रहे हैं। एसपी नूनावत के अनुसार खाटूधाम आने वाला हर श्रद्धालु पुलिस के लिए परिवार के सदस्य की तरह है और मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए बल को विशेष निर्देश दिए गए हैं।

### नवाचार: सेल्फी प्रतियोगिता और नशामुक्ति अभियान

पुलिस और जनता के बीच विश्वास बढ़ाने के लिए इस बार श्री खाटूश्यामजी मेला सेल्फी प्रतियोगिता का अनूठा आयोजन किया गया है। श्रद्धालु पुलिस की मदद या अच्छी व्यवस्था के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर साझा कर सकते हैं। चुनी गई 100 श्रेष्ठ सेल्फी को राजस्थान पुलिस द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त डीजीपी के निर्देशानुसार मेले के होल्डिंग एरिया में श्रद्धालुओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई जा रही है और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया जा रहा है, ताकि भक्ति के साथ-साथ एक सुरक्षित समाज का संदेश भी प्रसारित हो सके।

# मालासेरी डूंगरी जाने वाले पदयात्रियों का भव्य स्वागत



स्मार्ट हलचल

**मोड़ का निंबाहेड़ा।** भगवान श्री देवनारायण जी की जन्मस्थली मालासेरी डूंगरी के लिए जा रही पदयात्रा का कोरनास चौराहे पर श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर पदयात्रियों को अल्पाहार के रूप में चाय-नाश्ता वितरित किया गया। ध्रुव का मंड देवनारायण मंदिर सांगानेर, भीलवाड़ा के पुजारी माधुलाल मेघवंशी सहित सभी यात्रियों का माला पहनाकर एवं साफा बंधवाकर सम्मान किया गया।

पदयात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। बस स्टैंड क्षेत्र भगवान श्री देवनारायण के जयकारों से गूंज उठा। ढोल-नगाड़ों की धुन पर श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा।


श्रद्धालुओं में भगवान श्री देवनारायण के प्रति गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिला।

इस मौके पर गो सेवक देवीलाल मेघवंशी, महेंद्र गुर्जर, पन्नालाल भील, रामकरण मेघवंशी,श्री ध्रुव का मंड देवनारायण भगवान मंदिर सांगानेर भीलवाड़ा पुजारी माधु लाल मेघवंशी,बालू सालवी साल्वी, शम्भू वैष्णव, भेरू वैष्णव, लाला सालवी, भेरू बैरवा(कोटड़ी), फूल मीणा,अशोक साल्वी, राजू, लोकेश, कमलेश, राजू लाल, रौनक सहित मातृशक्ति महिलाएं भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# शहर के निजी हॉस्पिटल में बिल में गड़बड़ी का आरोप

## अधिकारी बोले जानकारी नही जांच करवाएंगे

स्मार्ट हलचल | ओम जैन



**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ शहर के बाइपास रेलवे फाटक के पास स्थित दक्ष हॉस्पिटल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमे पेशेंट के परिजन के साथ स्टाफ द्वारा बत्तमीजी एव बिल में धांधली का मामला सामने आ रहा रहा, यह बुधवार को दिनभर चर्चा का विषय रहा।

जानकारी में सामने आया कि दक्ष हॉस्पिटल में एक पेशेंट के इलाज के बाद परिजनों को बिल थमाया गया, जिसमे काफी अंतर होने पर पूछने पर बताने ओर बिल सही करने के बजाय उल्टा एक महिला चिकित्सक वीडियो बनाती हुई परिजन के साथ बत्तमीजी करती हुई, पुलिस को बुलाने की धौंस देने लगी तो माहौल ओर गरमा गया जिस पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अरविंद सनाढ्य समझाइस कर मामले को बैठकर निपटाने का प्रयास करते नजर आए। मामले की वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ मामला चर्चा का विषय बन गया, लोगो का कहना ही कि डॉक्टर को भगवान का दर्जा दिया जाता है और वो ही लोगो के साथ ऐसा व्यवहार कैसे कर सकते है, साथ ही बिल में गड़बड़ी भी बड़ा विषय बन गया।

इधर मामले को लेकर कोतवाली सीआई तुलसीराम से जानकारी चाही तो उन्होंने बताया इस सम्बंध में किसी ने कोई रिपोर्ट अभी तक नही दी है है। दूसरी ओर मामले पर सीएमएचओ डॉ ताराचंद गुप्ता ने बताया अभी तक मुझे मामले की जानकारी नही है ऐसा हुआ है तो पता करवाते है।

# 27 फरवरी को हल्दीघाटी एक्सप्रेस चित्तौड़ तक ही चलेगी

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

माल्हारगढ़-मंदसौर के मध्य दोहरीकरण कार्य के कारण गाड़ी संख्या 19818 यमुना ब्रिज आगरा-रतलाम हल्दीघाटी एक्सप्रेस दिनांक 27 फरवरी 2026 को यमुना ब्रिज आगरा से प्रस्थान कर चित्तौड़ जंक्शन तक ही संचालित होगी।

यह गाड़ी चित्तौड़ जंक्शन से रतलाम जंक्शन के मध्य निरस्त रहेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा से पूर्व गाड़ी की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर लें।

# भाजपा ज़िला कार्यालय पर समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश



## कार्यक्रम मे भाजपा प्रदेशाधक्ष हुए शामिल

स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** भाजपा कार्यालय अजमेर में बुधवार को एक दिन कार्यालय के नाम कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम प्रभारी पुष्कर नारायण भाटी ,जिला कार्यालय मंत्री अजमेर देहात ने दिनभर पार्टी कार्यालय में आमजन एवं कार्यकर्ताओं की सुनवाई कर समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने हेतु आग्रह किया एवम आमजन व कार्यकर्ताओं को राहत पहुंचाई गई।

इस अवसर पर निम्न कार्यकर्ता एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। मदन राठौड़ प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी राजस्थान,डॉ अरविंद शर्मा प्रदेश प्रवक्ता,जीतमल प्रजापत जिला अध्यक्ष अजमेर देहात, सुभाष वर्मा जिला महामंत्री,अर्जुन नलिया जिला महामंत्री,नरेंद्र सिंह चुंडावत जिला उपाध्यक्ष, मुकेश कंवर जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, अनीता बैरवा जिला मंत्री,अशोक पाराशर जिला उपाध्यक्ष,अरुण वैष्णव जिला प्रवक्ता,सर्वेश्वर शास्त्री आईटी सहसंयोजक अजमेर देहात,राजेंद्र रोहन बाकोलिया मंडल महामंत्री पुष्कर शहर,घनश्याम जांगिड़,देवव्रत सिंह राठौड़,सुरजीत सिंह रावत मंडल अध्यक्ष खोड़ा गणेश,देवेंद्र शर्मा, टीकम चंद मेघवंशी,मनीष वैष्णव आदि कार्यकर्ता एवम आमजन उर्पा-स्थत रहे।

# सैनी समाज की जन हुंकार:11 सूत्री मांगों को लेकर बनेठा, उनियारा क्षेत्र से जयपुर विधानसभा घेराव कार्यक्रम में हुए शामिल



स्मार्ट हलचल

**नगर फोर्ट।** उनियारा उपखंड क्षेत्र के माली समाज द्वारा मंगलवार को एक मीटिंग उनियारा माली समाज छात्रावास में आयोजित की गई बैठक आरक्षण एवं माली समाज की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर समाज के पदाधिकारीयो ने विचार विमर्श किया गया। बैठक में सीपी सैनी की अगुवाई में जयपुर विधानसभा घेराव को लेकर बुधवार को जयपुर के लिए कूच करने का निर्णय लिया।माली समाज ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर माली-सैनी-कुशवाहा समाज का आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर पहुँच गया है। बुधवार को बनेठा तेजाजी चौक से एकत्रित होकर उनियारा उपखंड मुख्यालय व क्षेत्र के माली समाज छात्रावास मैं एक एकत्रित होकर प्रातः 10 बजे हजारों की संख्या में समाज के लोग जयपुर के लिए रवाना हुए। यह हक और अधिकारों की आवाज बुलंद करने के उद्देश्य से विधानसभा का घेराव किया जा रहा है।

माली सैनी समाज के लोगों में भारी उत्साह देखा गया। बनेठा कस्बे के माली समाज के युवा नेता हरिराम सैनी ने हुंकार भरते हुए कहा कि यह समाज के स्वाभिमान की लड़ाई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि सरकार ने समय रहते 11 सूत्री मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया, तो जयपुर में होने वाला विधानसभा घेराव ऐतिहासिक होगा। उन्होंने समाज से शांतिपूर्ण और अनुशासित रहते हुए इस आंदोलन को सफल बनाने की अपील की। उनियारा तहसील माली समाज के अध्यक्ष प्रभु लाल सैनी ने बताया कि वर्तमान में आरक्षण संघर्ष समिति के तत्वाधान व राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सैनी के नेतृत्व में हाल में ही राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम अपनी मांगों को लेकर प्रदेश भर में ज्ञापन दिया गया था,

उन सभी मांगों को लेकर जयपुर में एक बहुत बड़ा आरक्षण मुद्दा को लेकर आज बुधवार 25 फरवरी को विधानसभा घेराव किया जा रहा है उस कार्यक्रम में उनियारा तहसील माली समाज की उनियारा माली समाज छात्रावास में मीटिंग आयोजित हुई जिसमें उनियारा तहसील के युवा बुजुर्गों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । आरक्षण संघर्ष समिति के द्वारा 11 मांगों को लेकर जयपुर में विधानसभा घेराव किया जा रहा है उस घेराव के कार्यक्रम में उनियारा तहसील माली समाज के समाजसेवी भाग लेंगे ।

उनियारा उपखंड क्षेत्र के बनेटा, सूतड़ा,अलीगढ़,बामणिया, शॉप,मुबारक नगर, चोरू पचाला, डाबला,बालीथल,दोबडीया ,गाडौली,पलाई, ककोड़, फुलेता आदि कई गांवों से समाजसेवी आएंगे।माली समाज अपना हक, अधिकार और सम्मान की आवाज को बुलंद करने के लिए भरतपुर से जयपुर तक एक ऐतिहासिक जनअधिकार पदयात्रा निकाली जा रही है।

यह एक यात्रा नहीं, बल्कि हमारे स्वाभिमान, एकता और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का संकल्प है।

जब समाज एकजुट होता है, तो उसकी आवाज दूर तक गूंजती है और बदलाव निश्चित होता है। माली समाज संगठित है, जागरूक है और अपने अधिकार लेकर रहेगा। मौके पर मौजूद तहसील अध्यक्ष प्रभुलाल सैनी ,शहर अध्यक्ष तेजपाल सैनी ,कन्हैया लाल सैनी, शंकर लाल सैनी,बाबूलाल सैनी,हजारीलाल सैनी व सैकड़ो की तादात में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# घरेलू गैस के दुरुपयोग पर शिकंजा, रसद विभाग की सख्त कार्रवाई



स्मार्ट हलचल

ब्यावर। घरेलू गैस के दुरुपयोग और अवैध भंडारण के खिलाफ रसद विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर 9 एलपीजी सिलेंडर जब्त किए। कार्रवाई खाद्य विभाग के 12 फरवरी के निदेशों के तहत चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत की गई जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक, प्रवर्तन अधिकारी सोहन सिंह चौहान और प्रवर्तन निरीक्षक विक्रांत मथुरिया की टीम ने फतेहनगर कॉलोनी स्थित नाकोड़ा स्वीट्स एंड नमकीन भंडार पर छापा मारा। जांच में 8 वाणिज्यिक और 1 घरेलू सिलेंडर कुल 9 सिलेंडर जब्त किए गए जांच के दौरान दुकान संचालक संजय कच्छाड़ा (पुत्र सुनील कच्छाड़ा) के पास गैस खरीद के बिल-वाउचर, उपभोक्ता डायरी और भंडारण से जुड़े आवश्यक दस्तावेज नहीं मिले। साथ ही सिलेंडर भंडारण स्थल पर सुरक्षा मानकों का भी गंभीर उल्लंघन पाया गया विभाग ने एलपीजी आदेश 2000 के उल्लंघन में जब्त सिलेंडरों को ब्यावर गैस सर्विस के यशपाल सिंह को सुपुर्द किया। प्रकरण को आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 6 अ के तहत जिला कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक ने कहा कि गैस सिलेंडर के दुरुपयोग पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और उपभोक्ताओं से वैध व सुरक्षित उपयोग की अपील की गई है।

# बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करेगा सेवादल: सदस्यता अभियान को गति देने के लिए बैठक आयोजित, नए सदस्य जोड़ने का आह्वान

स्मार्ट हलचल






**ब्यावर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष लालजी देसाई एवम् राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल प्रदेशाध्यक्ष हेम सिंह शेखावत जी के निर्देशानुसार ब्यावर जिला प्रभारी विशंभर शर्मा जी ब्यावर जिला कांग्रेस कमेटी सेवादल की मीटिंग अजमेर रोड स्थित होटल श्री में संगठन की मीटिंग आयोजित की।

सेवादल जिलाध्यक्ष एडवोकेट विक्रम सोनी ने बताया कि संगठन सृजन विस्तारीकरण के तहत सेवादल को बूथ स्तर तक सेवादल संगठन को मजबूत करने के लिए प्रदेश सेवादल द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को लेकर कार्यक्रम मुख्यतिथि ब्यावर विधानसभा प्रत्याशी पारस पंच, ब्यावर प्रभारी विशंभर शर्मा, ब्यावर नवनियुक्त नगर अध्यक्ष भरत बाघमार, प्रदेश सचिव सोहन मेवाड़ा, सेवादल जिलाध्यक्ष एडवोकेट विक्रम सोनी, पूर्व जिला अध्यक्ष बालूराम सेन, अथिति मंच पर उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम सभी अतिथियों का गांधी टोपी और सूत की माला पहनाकर स्वागत किया गया।

जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता ऋषि लाम्बा ने बताया कि मीटिंग में विधानसभा प्रत्याशी पारस पंच कहा कि सेवादल कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी है और सदस्यता अभियान को बढ़ाने में सहयोग करूंगा, प्रभारी विशंभर शर्मा ने कहा के कांग्रेस सेवादल अनुशासन वाला संगठन है और नए सदस्य अति शीघ्र जोड़े जाएं ताकि संगठन को और भी मजबूती प्रदान हो, नगर अध्यक्ष भारत बाघमार ने शीश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवादल जैसा कार्य कोई नहीं कर सकता पंचायत, निकाय चुनाव में ज्यादा से ज्यादा जनता के लिए एकजुट होकर कार्य करेंगे, प्रदेश सचिव सोहन मेवाड़ा, पूर्व जिला अध्यक्ष बालूराम सेन, पूर्व पार्षद रामनिवास सेन, बाबूलाल पंवार, रणजीत पंवार, अरुण शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। जिसमें नए सदस्य जोड़ने में महिला शक्ति कांग्रेस नेत्री जानवी भरवानी, उर्मिला सोलंकी ने सेवादल के अधिक सदस्य जोड़े। कार्यक्रम में ब्यावर के नवनियुक्त नगर अध्यक्ष भारत भाघमार का जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा गांधी टोपी और सूत की माला पहनाकर स्वागत किया गया ।

इस अवसर पर महिला प्रदेश सचिव जानवी भारवानी, उर्मिला सोलंकी, जिला उपाध्यक्ष बिरादाराम सैनी, मुकेश जोशी, बाबूलाल पंवार, चेतनाराम मेघवाल, ब्यावर विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट मगन सोलंकी, जेतारण विधानसभा अध्यक्ष नज़ब काठात, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद माथुर, बर ब्लॉक अध्यक्ष रज्जाक मोहम्मद, जेतारण ब्लॉक अध्यक्ष नरेश मेहरा, जिला कोषाध्यक्ष पवन तातेड, जिला महासचिव अरविंद भटनागर, हनुमान सांखला, छगनलाल मेवाड़ा, रणजीत पंवार, संदीप जैन, शाकिर कुरैशी, पप्पू पहलवान, भरत कुमार भाटी, शाहिद खान, पन्नालाल सुनारीवाल, धर्मेंद्र, नरेंद्र कुमार भटनागर, चेतनाराम, घनश्याम बरोलिया, नंदकिशोर लावासिया, रवि मखीजा, पंकज साहू, गोपाल सांखला, कमलेश बोहरा, मदन सिंह रावत, भगवान पलाडिया, ममता जैन, पुष्पा जैन, शेखर शर्मा, पारस मेधा, मेजबान काठात, कपिल काठात , शाहिद खान, एडवोकेट दिनेश टेलर, सूरजमल, मोहन लाल मालवीय आदि बड़ी संख्या में सेवादल कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# विदेश सचिव मिसरी ने जिनेवा में निरस्त्रीकरण सम्मेलन को संबोधित किया

स्मार्ट हलचल|नई दिल्ली







विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने जिनेवा में निरस्त्रीकरण सम्मेलन के उच्चस्तरीय सत्र को संबोधित किया। मिसरी ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच रणनीतिक स्थिरता बनाए रखने और हथियारों की होड़ को रोकने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने सैन्य आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के जिम्मेदार उपयोग और रक्षा क्षेत्र में विश्वसनीय एआई के मूल्यांकन के लिए राष्ट्रीय ढांचे के प्रति देश की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने विदेश सचिव के वर्चुअल संबोधन की प्रमुख बातें सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की। उन्होंने बताया कि सचिव मिसरी ने स्ट्रेटेजिक स्टेबिलिटी बनाए रखने, हथियारों की होड़ को रोकने और एक यूनिवर्सल तथा बिना भेदभाव वाले वेरिफाएबल न्यूक्लियर निरस्त्रीकरण हासिल करने पर बल दिया। उन्होंने 'वेपन्स ऑफ मास डिस्ट्रक्शन' से जुड़े आतंकवाद के बढ़ते खतरे की ओर भी ध्यान दिलाया।

विदेश सचिव ने कहा नई सामरिक शस्त्र कटौती संधि (न्यू स्टार्ट) की समाप्ति वैश्विक शस्त्र नियंत्रण के लिए एक बड़ा झटका है। भारत का मानना है कि वैश्विक सुरक्षा के लिए रणनीतिक स्थिरता बनाए रखना और हथियारों की होड़ को रोकना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

भारत की परमाणु नीति को दोहराते हुए मिसरी ने कहा कि एक जिम्मेदार परमाणु हथियार संपन्न देश के रूप में विश्वसनीय न्यूनतम निवारक क्षमता बनाए रखना हमारी प्रतिबद्धता है। उन्होंने चरणबद्ध बहुपक्षीय ढांचे के माध्यम से सार्वभौमिक, गैर-भेदभावपूर्ण और सत्यापन योग्य परमाणु निरस्त्रीकरण के प्रति देश की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने सम्मेलन में जनादेश के आधार पर विखंडनीय पदार्थ अवरोध संधि पर वार्ता के लिए भी समर्थन व्यक्त किया।

विदेश सचिव मिसरी ने कहा भारत सैन्य क्षेत्र में एआई के जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रतिबद्ध है। जोखिमों को कम करने और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एआई के उपयोग में मानवीय निर्णय और निगरानी आवश्यक है। भारत ने विश्वसनीयता, सुरक्षा और पारदर्शिता के आधार पर रक्षा क्षेत्र में विश्वसनीय एआई का मूल्यांकन करने के लिए एक ढांचा विकसित किया है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि परमाणु हथियारों से संबंधित निर्णय मानवीय नियंत्रण में रहेंगे।

विदेश सचिव ने ग्लोबल साउथ के हितों को बढ़ावा देने के लिए भारत की पहलों के बारे में भी बताया। इन पहलों में विकास, समावेशन और लोकतांत्रिक पहुंच के लिए एआई के उपयोग पर केंद्रित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 शामिल हैं।

# प्रधानमंत्री की अजमेर सभा की तैयारियों को लेकर नारायणपुर भाजपा मंडल की बैठक आयोजित




स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 28 फरवरी को प्रस्तावित अजमेर दौरे और विशाल जनसभा की तैयारियों को लेकर बुधवार को नारायणपुर भाजपा मंडल की बैठक आयोजित की गई। मंडल अध्यक्ष संदीप सैनी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में बानसूर विधानसभा क्षेत्र के संगठन प्रभारी एवं जिला महामंत्री रमेश रावत तथा जिला उपाध्यक्ष नगेंद्र सिंह चैनपुरिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती और आगामी सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए जनसंपर्क अभियान की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपते हुए अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीणों को अजमेर सभा में ले जाने और सभा की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। संगठन प्रभारी रमेश रावत ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर जनता में भारी उत्साह है, जिसे देखते हुए बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ानी होगी। इस अवसर पर रमेश गुप्ता, मनोहर नायक, अशोक शेखावत, लक्ष्मण दर्जी, रोशन सैनी, महेंद्र योगी, राकेश यादव, तिलक सिंह, मोती लाल जांगिड, जयराम सैनी, हरिराम, जयसिंह, सत्येंद्र, नत्थु राम सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नारायणपुर में पेयजल संकट: 4 दिन से आधा दर्जन मोहल्लों में नल सेवा ठप, आंदोलन की चेतावनी

स्मार्ट हलचल



**नारायणपुर।** कस्बे में जलदाय विभाग की मनमानी और लचर कार्यप्रणाली के कारण आमजन का जीना मुहाल हो गया है। पिछले चार दिनों से कस्बे के आधा दर्जन मोहल्लों में पीने के पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी है, जिससे उपभोक्ताओं को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की अव्यव-स्था का आलम यह है कि आए दिन पाइप लाइन टूटने का बहाना बनाकर जलापूर्ति रोक दी जाती है। अकेले इस महीने में ही अब तक चार से पांच बार पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो चुकी है, लेकिन विभाग इसके स्थायी समाधान के बजाय महज खानापूर्ति कर रहा है। जल सेवा बाधित होने से वर्तमान में पुरुषोत्तम मार्केट, बानसूर रोड, गुवारिया मोहल्ला, अलवर रोड, बिजली ग्रिड और खेल स्टेडियम क्षेत्र के निवासी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। स्थानीय लोगों ने विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारी न तो समय पर पाइप लाइन की मरम्मत करवाते हैं और न ही जलापूर्ति बाधित होने की कोई पूर्व सूचना उपभोक्ताओं को दी जाती है। बिना किसी सूचना के अचानक नल सेवा बंद होने से लोगों को पीने के पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है, जिससे जनता में भारी रोष व्याप्त है। परेशान ग्रामीणों ने अब विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पेयजल व्यवस्था को सुचारू नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। एक तरफ जहां ग्रामीण त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने का सिलसिला भी जारी है। इस संबंध में जब एक्सईएन सुदर्शन से बात की गई तो उन्होंने मामले की गंभीरता से अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि उनके पास फिलहाल ऐसी कोई जानकारी नहीं है। अधिकारियों की यह बेरुखी ग्रामीणों की समस्याओं को और अधिक बढ़ा रही है।

# नागौर में निजी बसों के पहिए थमे, ऑपरेटर्स का हल्ला बोल

स्मार्ट हलचल



**मेड़ता रोड।** नागौर में निजी बस ऑपरेटरों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का आगाज़ कर दिया है। हड़ताल के चलते जिलेभर में यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई है और आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

निजी बसों के बंद रहने से उन कई रूट्स पर यातायात ठप हो गया है, जहां रोडवेज बसों का संचालन नहीं होता। ऐसे में ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों से आने-जाने वाले यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दूसरी ओर रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों की भीड़ उमड़ रही है, लेकिन अतिरिक्त बसों की व्यवस्था नहीं की गई है। कुछ ग्रामीण रूट्स पर स्थानीय स्तर पर सीमित निजी बसें संचालित हो रही हैं। हड़ताल पर उतरे बस ऑपरेटर्स ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उनका कहना है कि उन्हें रोडवेज के समान व्यवहार और सुविधाएं दी जाएं। ऑपरेटर्स ने चेतावनी दी है कि बुधवार तक कुछ मार्गों पर बसों का संचालन किया गया, लेकिन गुरुवार से सभी निजी बसें पूरी तरह बंद रहेंगी।

### 7 हजार से अधिक यात्री प्रभावित

जिला मुख्यालय से करीब 250 निजी बसों का संचालन होता है, जिनसे प्रतिदिन 7 हजार से अधिक यात्री सफर करते हैं। हड़ताल के कारण इन यात्रियों की दैनिक दिनचर्या और जरूरी कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। निजी बस संचालक ऑपरेटर्स संघ के सचिव लिखमर्म भाम्भू ने बताया कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती, तब तक हड़ताल जारी।

# भाविप मीरा महिला शाखा एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने फाग उत्सव मनाया



स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** भारत विकास परिषद मीरा महिला शाखा एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय गोपाल गौशाला के मंदिर प्रांगण में फाग उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया।

मीडिया प्रभारी सुधा फलेट ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण एवं खाटूश्याम भगवान पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात महिलाओं द्वारा फाग एवं होली के पारंपरिक गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। ढोलक की थाप और रंग-बिरंगे फूलों की वर्षा के बीच नृत्य एवं प्रसंगों के साथ मनाया गया।उपस्थित सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर दोनों शाखाओं की अध्यक्षाओ श्री मति सुमन चतुर्वेदी एवं श्री मति मंजू भराड़ीया ने कहा कि फाग उत्सव हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जो आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है। ओर भगवान श्री कृष्ण के साथ फूलों की होलो खेलने का माध्यम है ।कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, हास्य-व्यंग्य एवं समूह नृत्य भी आयोजित किए गए, जिससे वातावरण पूरी तरह रंगमय हो गया। साथ कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित महिलाओं के लिए प्रसाद एवं श्री मति कविता भूतड़ा की तरफ से अल्पाहार की व्यवस्था की गई। आयोजन को सफल बनाने में दोनों संगठनों की सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

यह फाग उत्सव समाज में एकता, सांस्कृतिक जागरूकता एवं नारी शक्ति के सशक्तिकरण का संदेश देता है।

# संयुक्त व्यापार संघ के चुनाव संपन्न, रोशनलाल सैनी बने अध्यक्ष



स्मार्ट हलचल|बानसूर

बानसूर में पहली बार हुए संयुक्त व्यापार संघ के चुनाव संपन्न हो गए हैं। इन चुनावों में रोशनलाल सैनी को अध्यक्ष चुना गया है। वहीं, यादराम सोलंकी उपाध्यक्ष और पवन योगी कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं। चुनाव प्रभारी रामानंद कुमावत, मोती लाल पारीक, अशोक यादव, हरिसिंह सैनी और अमरसिंह यादव के नेतृत्व में कराए गए। सभी व्यापार मंडलों के अध्यक्षों ने मतदान किया। कुल 55 व्यापार मंडल संगठनों में से 54 अध्यक्षों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद के लिए हंसराज गोलिया, रोशनलाल सैनी और मुकेश मालू सिंह ने नामांकन भरा था। उपाध्यक्ष पद पर यादराम सोलंकी और पप्पूराम कुमावत ने दावेदारी की, जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए यासीन मोहम्मद, पवन योगी और ओमप्रकाश गुप्ता मैदान में थे। महामंत्री पद पर फूलसिंह और मंत्री पद पर ब्रह्मप्रकाश यादव निर्विरोध चुने गए।मतदान दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक चला, जिसके परिणाम शाम 5 बजे घोषित किए गए। अध्यक्ष पद के लिए रोशनलाल सैनी को 28 मत मिले, जिससे उन्होंने जीत हासिल की। हंसराज गोलियां को 13 मत और मुकेश मालू सिंह को 13 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार, रोशन लाल सैनी 15 मतों के अंतर से विजयी घोषित किए गए। उपाध्यक्ष पद पर यादराम सोलंकी और कोषाध्यक्ष पद पर पवन योगी ने भी जीत दर्ज की। चुनाव परिणामों के बाद, सभी व्यापारी संगठनों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष का माला और साफ़ा पहनाकर स्वागत किया।

# कानपुर में छात्र की मौत के बाद पीएसआईटी कॉलेज में जमकर बवाल, लाठीचार्ज में कई छात्र घायल

स्मार्ट हलचल

**कानपुर।** कल मंगलवार जेसीबी से टकराकर हुई छात्र की मौत के मामले में प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उत्तेजित छात्रों ने आज बुधवार को पनकी स्थित पीएसआईटी कॉलेज में बवाल के साथ जमकर तोड़फोड़ भी की। इस बीच पुलिस ने भी जमकर लाठीचार्ज किया ,जिसमें कई छात्र घायल भी हो गए। यहां हालातों पर मुश्किल से नियंत्रण के बाद तनाव को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया है। अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर हालातों का जायजा लिया।

साथी छात्र की मौत से आक्रोशित हजारों छात्रों ने पहले कैंपस में शांति मार्च निकाला, जिसके बाद देखते ही देखते उनका प्रदर्शन उग्र हो गया। इस बीच गुस्साए छात्रों ने कॉलेज परिसर में तोड़फोड़ शुरू कर दी। उन्होंने कैंपस के शीशे तोड़ दिए, गमले फेंक दिए और फर्नीचर को भी तहस नहस कर डाला।

जिसकी सूचना पर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और जब छात्र समझाने के बाद भी नहीं माने तो उसने छात्रों पर लाठी चार्ज कर दिया ,जिसमें कई छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए।

छात्रों ने इस दौरान यह भी आरोप लगाया कि कॉलेज परिसर में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है। जिसकी वजह से ही रतनलाल नगर निवासी बीसीए अंतिम वर्ष के छात्र प्रखर सिंह असमय ही मौत का शिकार हो गया। छात्रों ने मांग उठाई है कि सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक, जब कक्षाएं संचालित होती हैं। उस दौरान किसी भी तरह का निर्माण कार्य पूरी तरह प्रतिबंधित रहे। इस हंगामे के दौरान छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। वहीं इसकी सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मोर्चा संभाला और कई घंटे की संघर्ष के बादछात्रों को शांत करने में सफलता प्राप्त की लेकिनतनाव लगातार बरकरार है ,जिसे देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि तोड़फोड़ करने वाले छात्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके भी कार्रवाई की जाएगी।

# डॉ. बुद्धि प्रकाश मीणा को क्षेत्रवासियों ने दी भावपूर्ण विदाई

स्मार्ट हलचल



**बिजौलिया/कास्या**-किसी भी सरकारी सेवा में स्थानांतरण एक सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन जब कोई व्यक्तित्व अपनी कार्यशैली से लोगों के दिलों में जगह बना लेता है, तो उसकी विदाई भावुक क्षण बन जाती है। ऐसा ही नजारा बिजौलिया क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) कास्या में देखने को मिला, जहाँ डॉ. बुद्धि प्रकाश मीणा के स्थानांतरण पर चिकित्सा स्टाफ और क्षेत्र के लोगों ने उन्हें अश्रुपूर्ण विदाई दी।

5 वर्षों की गौरवमयी सेवाएं, सरल स्वभाव ने जीता दिल

जयपुर निवासी डॉ. बुद्धि प्रकाश मीणा ने कास्या पीएचसी में लगातार 5 वर्षों तक अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दीं। अपने कार्यकाल के दौरान वे अपने सरल, शांत स्वभाव और सेवाभावी व्यक्तित्व के लिए जाने गए। ग्रामीणों का कहना है कि डॉ. मीणा की कार्यशैली और मरीजों के प्रति उनके समर्पण को क्षेत्रवासी कभी नहीं भूल पाएंगे।

सीकर में महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ के पद पर पदोन्नति

डॉ. बुद्धि प्रकाश मीणा का चयन अब श्री कल्याण हॉस्पिटल, सीकर में महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ (Gynecologist) के पद पर हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने खुशी भी जताई और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह में ये रहे उपस्थित

विदाई समारोह के दौरान ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी (BCMO) डॉ. गोपाल लाल यादव, डॉ. नरेंद्र पारेता और डॉ. रितेश चौधरी ने डॉ. मीणा के कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर पीएचसी स्टाफ के कमलेश पांडे, दीपक शर्मा, संदीप शर्मा, प्रदीप धाकड़, महेंद्र धाकड़, रौनक सुमन, सुमन राठौर, पूजा वर्मा, सुनीता बैरवा, चंदा अहीर, राशिला धाकड़ सहित पत्रकार घनश्याम पाराशर और गिरधर पाराशर मौजूद रहे। सभी ने माला व साफा पहनाकर डॉ. मीणा का सम्मान किया।

# चार चोमा सोरती मेले का आतिशबाजी व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ भव्य समापन



स्मार्ट हलचल

**कोटा।** हाड़ौती अंचल के सबसे प्राचीन और ऐतिहासिक मेलों में शुमार चार चोमा की सोरती मेले का समापन देर रात्रि को भव्य आतिशबाजी और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। ग्राम पंचायत चौमा मालियान स्थित चोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित इस मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे मनोज शर्मा (जिलाध्यक्ष, कोटा क्रिकेट संघ) ने कहा कि चार चोमा की सोरती मेला हाड़ौती की सांस्कृतिक पहचान है और यह मेला क्षेत्र की परंपरा, आस्था और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विशाल शर्मा (भाजपा महामंत्री, कोटा देहात) ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में महावीर मीणा (अध्यक्ष, हाड़ौती आदिवासी मीना समाज, सुल्तानपुर) उपस्थित रहे। मेला अध्यक्ष उच्छमा मीणा ने बताया कि यह मेला वर्षों पुरानी परंपरा को संजोए हुए है और हर वर्ष इसकी भव्यता बढ़ती जा रही है। मेला संयोजक भीमराज मीणा ने जानकारी दी कि यह हाड़ौती का सबसे प्रसिद्ध एवं लोकप्रिय मेला है, जहाँ दूर-दूर से व्यापारी अपनी दुकानें लेकर आते हैं। मेले में करोड़ों रुपये का व्यापार होता है। विशेष रूप से सोरती मेले की जलेबी लोगों की पहली पसंद रहती है–लाखों रुपये की जलेबी की बिक्री होती है। मेले में मिर्चियों का विशाल बाजार आकर्षण का केंद्र रहा। किसान अपनी आवश्यकताओं के अनुसार कृषि उपकरण–डालो, टाकलो, लकड़ियाँ, दातलियाँ आदि खरीदते नजर आए। बच्चों ने खिलौनों की दुकानों पर खूब उत्साह दिखाया। लाखों श्रद्धालुओं ने चौमुखी महादेव की दिव्य प्रतिमा के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मंदिर परिसर में विराजित देवी अदिति की सुंदर प्रतिमा के दर्शन के लिए भी भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं।

# कोटा स्टेशन पर 12 घंटे की 'किलाबंदी' टिकट चेकिंग

स्मार्ट हलचल | कोटा

मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिल कालरा के मार्गदर्शन में कोटा मंडल द्वारा अनियमित यात्राओं पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं अधिकृत यात्रियों को सुव्यवस्थित सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष टिकट जांच अभियान निरंतर संचालित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में दिनांक 24 फरवरी 2026 को कोटा स्टेशन पर प्रातः 06:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक 12 घंटे का 'किलाबंदी' टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का संचालन श्री दीपक शर्मा, मुख्य टिकट निरीक्षक, कोटा के नेतृत्व में 18 टिकट चेकिंग स्टाफ तथा 06 रेल सुरक्षा बल कर्मियों के सहयोग से किया गया। अभियान के दौरान स्टेशन परिसर से बाहर निकलने वाले मार्गों की सघन घेराबंदी की गई, जिससे बिना जांच कोई भी यात्री बाहर न जा सके।

इस विशेष अभियान के अंतर्गत कुल 14 ट्रेनों के यात्रियों के टिकटों की जांच की गई। जांच के दौरान 123 यात्री बिना टिकट यात्रा करते हुए पाए गए, जिनसे 49,875/- की राशि बतौर किराया एवं जुर्माना वसूली गई।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि इस प्रकार के सघन 'किलाबंदी' अभियान यात्रियों में नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं रेल राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित किए जाते हैं। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि वे यात्रा से पूर्व वैध टिकट अवश्य लें। प्रतीक्षा सूची ई-टिकट एवं प्लेटफॉर्म टिकट पर यात्रा करना अनुमन्य नहीं है। यात्री रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट अथवा अधिकृत मोबाइल एप के माध्यम से भी टिकट बुक कर सकते हैं।

# भुगतान विवाद को लेकर ग्राम प्रधान ने की शिकायत

## एडीओ पंचायत व सचिव पर मिलीभगत और कमीशन मांगने का आरोप, डीएम से लगाई न्याय की गुहार

स्मार्ट हलचल|खखरेरू/फतेहपुर

विकासखंड धाता की ग्राम सभा बसवा के ग्राम प्रधान रमेश सिंह ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए तहसील दिवस में शिकायत दर्ज कराई है तथा जिला अधिकारी को भी प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्रधान का आरोप है कि ग्राम सभा में कराए गए विकास कार्यों का भुगतान जानबूझकर रोका जा रहा है, जिससे उन्हें मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा है।

प्रधान रमेश सिंह ने बताया कि दिसंबर माह में उन्होंने भुगतान संबंधी जानकारी खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) धाता को दी थी, जिसके बाद सचिव द्वारा आंशिक भुगतान कराया गया। उनका आरोप है कि उनका डोंगल लेकर काउंसलिंग इंजीनियर के नाम से ब्लॉक स्तर पर फर्जी भुगतान दर्शाया गया और मात्र दो प्रतिशत राशि का भुगतान किया गया।

5 जनवरी को आयोजित तहसील दिवस में भी प्रधान ने प्रार्थना पत्र दिया था। बताया गया कि बैठक के दौरान जिला अधिकारी ने बीडीओ से विकलांग शौचालय में टोटी न लगाए जाने का कारण पूछा, जिस पर प्रधान ने भुगतान लंबित होने की बात रखी। इस पर डीएम ने टोटी लगवाकर शीघ्र भुगतान कराने के निर्देश दिए थे, किंतु प्रधान का आरोप है कि एडीओ पंचायत एवं सचिव द्वारा अब तक भुगतान नहीं किया गया।

प्रधान ने यह भी आरोप लगाया कि एडीओ पंचायत एवं सचिव आपस में रिश्तेदार हैं और भुगतान के एवज में कमीशन की मांग की जाती है। उनके अनुसार– 50,000 से अधिक के भुगतान पर एडीओ पंचायत द्वारा 5 प्रतिशत तथा सचिव द्वारा 15 प्रतिशत की मांग की जाती है।

सफाई कर्मी की नियुक्ति के नाम पर 10,000 की मांग की गई। ग्राम सभा के सभी दस्तावेज सचिव अपने पास रखे हुए हैं। प्रधान का कहना है कि बीते तीन वर्षों से ग्राम सभा में स्थायी सफाई कर्मी की नियुक्ति नहीं हो सकी है। साथ ही विधवा महिलाओं के आवास की सूची भी तैयार नहीं हो पाई है, जिससे पात्र लाभार्थी योजनाओं से वंचित हैं।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विकासखंड अधिकारी से शिकायत करने पर एडीओ पंचायत द्वारा उन्हें गुमराह किया जाता है, जिसके कारण गांव में कराए गए विकास कार्यों की धनराशि का भुगतान लंबित है।

इस संबंध में खंड विकास अधिकारी धाता राजेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रधान के द्वारा भुगतान से संबंधित शिकायत की जानकारी प्राप्त हुई है और जल्दी जो भी लंबित भुगतान है उनको करवाया जा रहा है सफाई कर्मी के मुद्दों में खंड विकास अधिकारी ने बताया कि सफाई कर्मी की नियुक्ति को लेकर डीपीआरओ फतेहपुर को लिखा गया है जल्दी वहां सफाई कर्मी की नियुक्ति की जाएगी बाकी आरोप प्रधान के द्वारा मनगढ़ंत तरीके से लगाए गए हैं जिनकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com